श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 209, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 27 अगस्त 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कांग्रेस से 'आजाद' हुए गुलाम

### आजाद ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को 5 पेज का पत्र लिख भेजा इस्तीफा, राहुल गांधी को ठहराया कांग्रेस की बर्बादी का कारण

**नई दिल्ली:** वर्ष 2024 के आम चुनाव के लिए कमर कसने में जुटी कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद ने शुक्रवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कांग्रेस की दुर्गति के लिए पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराते हुए पार्टी के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। आजाद ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिख कर अपनी इस्तीफा भेजा है। कुछ दिन पहले उन्होंने जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के कैंपेन कमेटी का अध्यक्ष नामित होने के तुरंत बाद पद छोड़ दिया था। आजाद जी-23 गुट के मुखिया हैं जो राज्यसभा नहीं भेजे जाने के कारण कांग्रेस ने नाराज चल रहे हैं। आजाद ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र में कहा कि उन्होंने 1970 के दशक से अब तक पूरे मन से पार्टी की सेवा की है। लेकिन वर्ष 2013 मे जबसे राहुल गांधी पार्टी के उपाध्यक्ष बने तबसे पार्टी की पूरी कार्यशैली बर्बाद हो गई। राहुल के पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को किनारे लगाने का खेल शुरू कर दिया और उनके पिछलग्गू नेताओं का पार्टी पर कब्जा हो गया। पार्टी पर राहुल और उनके नौसिखिए नेताओं की मनमानी चलने लगी। इसका उदाहरण मीडिया के सामने राहुल गांधी द्वारा उस अध्यादेश को फाड़ना है जिसे केन्द्रीय कैबिनेट ने सर्वसम्मति से पारित किया था।

उन्होंने सोनिया गांधी की तारीफ करते हुए पत्र में लिखा कि आप ने पार्टी को सही और प्रभावी नेतृत्व दिया है लेकिन राहुल गांधी की बचकाना हरकतों ने प्रधानमंत्री के गरिमामयी पद को नुकसान पहुंचाया जिस वजह से वर्ष 2014 में कांग्रेस की करारी हार हुई।





### 'राहुल ने गैर अनुभवी चापलूसों का नया ग्रुप बनाया'

**सोनिया के बारे में**: गुलाम नबी आजाद ने पत्र में लिखा है है कि बेशक कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर आपने यूपीए-1 और यूपीए-2 के गठन में शानदार काम किया। इस सफलता का सबसे बड़ा कारण यह था कि आपने अध्यक्ष के तौर पर बुद्धिमान सलाहकारों और वरिष्ठ नेताओं के फैसलों पर भरोसा किया, उन्हें ताकत दी और उनका ख्याल रखा।

**राहुल के बारे में:** दुर्भाग्य से राजनीति में राहुल गांधी की एंट्री और खासतौर पर जब आपने जनवरी 2013 में उन्हें उपाध्यक्ष बनाया, तब राहुल ने पार्टी में चली आ रही सलाह के मैकेनिज्म को तबाह कर दिया। सभी वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को साइड लाइन कर दिया गया और गैर अनुभवी चापलूसों का नया ग्रुप बन गया, जो पार्टी चलाने लगा।

**अपने बारे में:** मैं लगातार 4 दशक तक कांग्रेस वर्किंग कमेटी का सदस्य रहा। 35 साल तक मैं देश के हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में पार्टी का जनरल सेक्रेटरी इंचार्ज भी रहा। मैं यह बताते हुए खुश हूं कि जिन राज्यों में मैं इंचार्ज रहा, उनमें से 90% में कांग्रेस को जीत मिली।

### 'राहुल ने अध्यादेश को मीडिया के सामने टुकड़े-टुकड़े कर डाला'

**कांग्रेस** की बर्बादी का सबसे ज्वलंत उदाहरण वह है, जब राहुल गांधी ने सरकार के अध्यादेश को पूरी मीडिया के सामने टुकड़े-टुकड़े कर डाला। कांग्रेस कोर ग्रुप ने ही यह अध्यादेश तैयार किया था। कैबिनेट और राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दी थी। इस बचकाना हरकत ने भारत के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के औचित्य को खत्म कर दिया। किसी भी चीज से ज्यादा यह इकलौती हरकत 2014 में यूपीए सरकार की हार की बड़ी वजह थी।

**2014 से 2022 का समय:** 2014 में आपकी और उसके बाद राहुल गांधी की लीडरशिप में कांग्रेस शर्मनाक तरीके से 2 लोकसभा चुनाव हारी। 2014 से 2022 के बीच हुए 49 विधानसभा चुनावों में से हम 39 चुनाव हार गए। पार्टी ने केवल 4 राज्यों के चुनाव जीते और 6 मौकों पर उसे गठबंधन में शामिल होना पड़ा। अभी कांग्रेस केवल 2 राज्यों में शासन कर रही है और 2 राज्यों में गठबंधन में उसकी भागीदारी मामूली है।



**सोनिया को फिर संभालना पड़ा जिम्मा:** हार के बाद राहुल गांधी ने झुंझलाहट में अध्यक्ष पद छोड़ दिया, उससे पहले उन्होंने कांग्रेस वर्किंग कमेटी में हर सीनियर नेता का अपमान किया, जिसने पार्टी के लिए अपनी जिंदगी दी, तब आप अंतरिम अध्यक्ष बनीं। पिछले 3 साल से आप यह जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

## आईआईटी जेईई एडवांस की परीक्षा 28 अगस्त को ही होगी, अतिरिक्त मौका देने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** आईआईटी जेईई एडवांस 2022 की परीक्षा अब तय समय पर 28 अगस्त को ही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने जेईई मेंस 2022 परीक्षा के लिए अतिरिक्त मौका दिए जाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हम और ज्यादा जटिलता नहीं पैदा करना चाहते हैं। आप आईआईटी जेईई एडवांस 2022 परीक्षा तय समय पर होने दें। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने कहा कि परीक्षा देते समय स्क्रीन पर पहले प्रश्न दिखाई नहीं देते थे बल्कि वे कभी गायब हो जाते तो कभी दिखाई देने लगते। छात्रों को एक प्रश्न से दूसरे प्रश्न पर जाने में परेशानी होती थी। परीक्षा के दौरान कई बार स्क्रीन ब्लैक हो जाती थी। प्रश्न का जो उत्तर सेलेक्ट किया जाता था वो मार्क नहीं होता था।

## बांग्लादेश में भी गहराया आर्थिक संकट, गुस्साए लोग सड़कों पर उतरे

**ढाका।** बांग्लादेश में आर्थिक संकट गहरा गया है। लगातार बढ़ती महंगाई और जरूरी चीजों के अभाव के खिलाफ गुस्साए लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। बांग्लादेश के लेफ्ट डेमोक्रेटिक एलायंस के आह्वान पर हुई आम हड़ताल के दौरान देश भर में विरोध प्रदर्शन किए गए। श्रीलंका में आर्थिक व राजनीतिक संकट के बाद अब बांग्लादेश में भी आर्थिक संकट मुसीबत बनता नजर आ रहा है। लगातार ईंधन महंगा होने के कारण सरकार ने भी ईंधन बचत के लिए कोशिशें शुरू कर दी हैं।

## चुनाव में फ्री स्कीम्सः मुफ्त वादों पर सुनवाई, अब नई बेंच में होगी

**नई दिल्ली:** चुनाव में फ्री स्कीम्स पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें मुफ्त चुनावी वादों पर रोक लगाने की मांग की गई है। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस एनवी रमना ने मामले को नई बेंच में रेफर कर दिया। सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि कमेटी बनाई जा सकती है, लेकिन क्या कमेटी इसकी परिभाषा सही से तय कर पाएगी। सीजेआई रमना ने कहा कि इस केस में विस्तृत सुनवाई की जरूरत है और इसे गंभीरता से लेनी चाहिए। वहीं फैसला सुनाने के बाद सीजेआई ने याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय को धन्यवाद दिया, जिस पर उपाध्याय ने कहा कि हम आपको मिस करेंगे। नई बेंच में अगले चीफ जस्टिस समेत 3 जज होंगे और आगे की सुनवाई करेंगे। फ्रीबीज मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमना की अगुआई वाली जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली की तीन सदस्यीय बेंच कर रही है।



## आयकर विभाग ने टैक्स चोरी रोकने के लिए नए क्षेत्रों तक बनाई पहुंच: सीबीडीटी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग कर चोरी की जांच के लिए अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों में जा रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने यह जानकारी दी। सीबीडीटी अध्यक्ष गुप्ता ने शुक्रवार को एक परिचर्चा के दौरान कहा कि अब अर्थव्यवस्था के नए क्षेत्रों को भी निगरानी की जद में लाया गया है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच इकाइयां विदेशों में संपत्ति रखने वाले भारतीयों के बारे में आंकड़ों के विश्लेषण का तरीका अपना रही हैं। हम केवल रियल एस्टेट या डेवलपर्स तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि दूसरे सेक्टर के टैक्स चोरी करने वाले लोगों पर भी हमारी नजर है। इनमें फार्मा, डेवलपर्स, मैन्युफैक्चरर और सेवा प्रदाता कंपनियां शामिल हैं। संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों, गेमिंग और सट्टेबाजी जैसे क्षेत्रों की जांच के लिए पहली बार कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत को विभिन्न देशों से साझा रिपोर्टिंग मानकों और विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम के जरिये नागरिकों की विदेशी परिसंपत्तियों के आंकड़े बड़े पैमाने पर मिल रहे हैं।



## सीजेआई रमना के विदाई समारोह में रो पड़े कई वरिष्ठ वकील

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस एनवी रमना का आज अंतिम कार्य दिवस होने से उनके साथ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस हीमा कोहली बेंच में बैठे। आज चीफ जस्टिस की बेंच से की गई सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान विदाई समारोह में वरिष्ठ वकील अपनी भावनाओं पर काबू नहीं कर सके और वे कोर्ट में ही ये कहकर रोने लगे कि जस्टिस रमना जनता के जज रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने कहा कि चीफ जस्टिस ने अपने कार्यकाल में संतुलन बनाये रखा और संस्थान और वकीलों की मयार्दा बचाये रखने की हरसंभव कोशिश की। इस दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हम बेहद कठिन दौर में जी रहे हैं। इस दौर में भी चीफ जस्टिस ने सरकार से जवाब मांगा और कोर्ट की गरिमा को बचाये रखा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक समारोह में कपिल सिब्बल ने कहा था कि अब उन्हें सुप्रीम कोर्ट से कोई उम्मीद नहीं बची है। सिब्बल ने कहा कि आपने अपने परिवार के अलावा वकीलों और जजों के परिवारों का भी खास ख्याल रखा।




## योगी को सुप्रीम राहत, भड़काऊ भाषण मामले में याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भड़काऊ भाषण के आरोप में मुकदमा चलाने की अनुमति देने से मना कर दिया। इससे पहले राज्य सरकार ने मई 2017 में इस केस को चलाने की अनुमति देने से मना कर दिया था। तब सरकार का कहना था कि इस केस में पर्याप्त साक्ष्य नहीं है, जिसको 2018 में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी सही ठहराया था। हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी। 14 मई, 2018 को सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता रशीद खान को योगी आदित्यनाथ समेत सभी अभियुक्तों को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील फुजैल अय्युबी से सुप्रीम कोर्ट ने पूछा था कि आपने बाकी अभियुक्तों को पक्षकार क्यों नहीं बनाया है तो उन्होंने कहा कि चूंकि हाई कोर्ट में रिवीजन पिटीशन अभियुक्त नंबर दो महेश खेमका ने दाखिल की थी, इसलिए हमने उन्हें पक्षकार नहीं बनाया लेकिन अभियुक्त सभी हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने योगी आदित्यनाथ को बड़ी राहत देते हुए गोरखपुर दंगों में उनकी भूमिका की जांच की मांग को खारिज कर दिया था। याचिका में साल 2007 में हुए गोरखपुर दंगों में योगी आदित्यनाथ की भूमिका की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से दोबारा जांच करवाने की मांग की गई थी।



### 75% रेटिंग के साथ विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं को पछाड़ा

## लोकप्रियता में पीएम मोदी शीर्ष पर

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता दुनिया में अब भी कायम है। पीएम मोदी एक बार फिर 75 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ दुनिया के नेताओं से आगे निकल गए हैं। वैश्विक रेटिंग में शीर्ष पर हैं। मॉर्निंग कंसल्ट सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। सर्वे के मुताबिक, पीएम मोदी के बाद मैक्सिको के राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर (63%) का नंबर आता है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीस (58 फीसदी) तीसरे, इटली के प्रधानमंत्री मारियो ड्रैगी 54 फीसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ चौथे स्थान पर रहे। 22 विश्व नेताओं की सूची में स्वीडन की प्रधानमंत्री मेगदालेना एंडरसन को 50 फीसदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को 41 फीसदी रेटिंग मिली है। बाइडन के बाद कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो को 39 फीसदी और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 38 फीसदी रेटिंग मिली है। मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, जर्मनी, भारत, मैक्सिको, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन और संयुक्त राज्य अमेरिका में नेताओं और अनुमोदन रेटिंग पर नजर रख रहा है। इससे पहले नवंबर 2021 और जनवरी 2022 में दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं की सूची में भी प्रधानमंत्री मोदी शीर्ष पर थे। यह मंच राजनीतिक चुनावों, निर्वाचित अधिकारियों और मतदान के मुद्दों पर रीयल-टाइम मतदान डेटा प्रदान करता है। मॉर्निंग कंसल्ट प्रतिदिन 20,000 से अधिक वैश्विक साक्षात्कार आयोजित करता है। वैश्विक नेता और देश प्रक्षेपवक्र डेटा किसी दिए गए देश में सभी वयस्कों के सात-दिवसीय चलती औसत पर आधारित है। डेटा में +/- 1-4 प्रतिशत का अंतर आ सकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में औसत सैंपल आकार लगभग 45,000 है। अन्य देशों में सैंपल साइज लगभग 500-5,000 के बीच भी होता है। वयस्कों के राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधि सैंपल्स के बीच सभी साक्षात्कार ऑनलाइन आयोजित किए जाते हैं। भारत में नमूना साक्षर आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। हर देश में उम्र, लिंग, क्षेत्र और कुछ देशों में आधिकारिक सरकारी स्त्रोतों व शिक्षा के आधार पर सर्वेक्षणों को महत्व दिया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में सर्वेक्षणों को नस्ल और जातीयता के आधार पर भी महत्व दिया जाता है। उत्तरदाता इन सर्वेक्षणों को अपने देशों के लिए उपयुक्त भाषाओं में पूरा करते हैं।



## पंजाबः पूर्व वित्तमंत्री भी विजिलेंस रडार पर

**चंडीगढ़:** पंजाब के पूर्व वित्त मंत्री मनप्रीत बादल भी विजिलेंस ब्यूरो के रडार पर आ गए हैं। मनप्रीत पर गेहूं और धान ढुलाई में फर्जी कंपनियां बना सरकारी खजाने को लूटने का आरोप है। यह आरोप बठिंडा के पूर्व विधायक भाजपा नेता सरूप चंद सिंगला ने लगाए थे। जिसके बाद विजिलेंस ब्यूरो ने फूड एवं सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट ने इससे जुड़ा रिकॉर्ड मांग लिया है। खास बात यह है कि पंजाब के सीएम भगवंत मान को मनप्रीत बादल ही राजनीति में लाए थे। मनप्रीत की पीपुल्स पार्टी ऑफ पंजाब से ही मान ने पहला चुनाव लड़ा। इसके बाद मनप्रीत कांग्रेस और मान आम आदमी पार्टी में चले गए। मनप्रीत बादल और भगवंत मान। सियासत के शुरूआत में दोनों इकट्ठे थे। हालांकि पीपीपी को कामयाबी न मिलने के बाद दोनों अलग-अलग पार्टियों में चले गए।



**ड्राइवर और गनमैन के नाम पर बनाई कंपनियां:** भाजपा नेता सरूप चंद सिंगला ने विजिलेंस को शिकायत दी। जिसमें कहा कि 2017 से 2022 के दौरान मनप्रीत बादल के ड्राइवर और गनमैन के नाम पर फर्जी कंपनियां बनाई गई।

### इनमें आधे से ज्यादा महिलाएं; महाराष्ट्र और यूपी के युवा रोजगार की योग्यता में सबसे आगे

## देश के 49% युवा रोजगार के काबिल

**नई दिल्ली:** युवाओं के लिए अच्छी खबर है। देश में नौकरी की योग्यता रखने वाले युवा पिछले साल के मुकाबले बढ़ गए हैं। इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2022 के मुताबिक, 48.7% युवा रोजगार के काबिल हैं। पिछली रिपोर्ट में यह आंकड़ा 45.97% था। रोजगार के काबिल युवाओं में आधे से अधिक यानी 52% महिलाएं, जबकि 46% पुरुष हैं। वहीं, महाराष्ट्र और यूपी के युवा रोजगार की योग्यता में सबसे आगे हैं। देशभर के 3 लाख उम्मीदवारों के वीबॉक्स नेशनल एम्प्लॉयबिलिटी टेस्ट (डब्ल्यूनेट) और 15 से ज्यादा उद्योगों से जुड़ी 150 कंपनियों पर किए गए इंडिया हायरिंग इंटेंट सर्वे के आधार पर ये नतीजे निकाले गए हैं। देश की कामकाजी आबादी में अभी 67% पुरुष और करीब 33% महिलाएं शामिल हैं।



**बीटेक और एमबीए करने वाले 55% युवाओं को जॉब जल्दी मिल जाती है:** वीबॉक्स नेशनल एम्प्लॉयबिलिटी टेस्ट के नतीजे बताते हैं कि बीटेक और एमबीए करने वाले 55% युवा नौकरी पाने के योग्य हैं। यह किसी और पढ़ाई के मुकाबले सबसे अधिक है। यह लगातार दूसरा साल है, जब बीटेक करने वाले अव्वल आए हैं।

यही नहीं, इनके आंकड़ों में 7% का उछाल दर्ज किया गया है। पिछले 7 साल में 6 बार बीटेक वालों ने इस लिस्ट में टॉप किया है। बीफार्मा, बीए और बीकॉम करने वाले नौकरी की काबिलियत में तीसरे, चौथे व पांचवें नंबर पर हैं। बीएससी वाले छठवें पर हैं, जबकि एमसीए, आईटीआई और पॉलिटेक्निक करने वालों का नंबर इसके बाद आता है।

## 'भाजपा सीरियल किलर की तरह काम कर रही'

### सीबीआई की प्राथमिकी पूरी तरह से फर्जीः सिसोदिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र शुरू हो गया है। सदन शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने हंगामा किया। भाजपा विधायक अजय महावर और अभय वर्मा सीट पर खड़े होकर नारे लगाने लगे। आप विधायकों ने खोखा-खोखा के नारे लगाए, जबकि इसके विरोध में विपक्ष ने धोखा-धोखा के नारे लगाए। इसके बाद सदन की कार्यवाही को थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया गया। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि उनके खिलाफ सीबीआई की प्राथमिकी पूरी तरह से फर्जी है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासित केंद्र राज्य सरकारों को खत्म करने के लिए एक सीरियल किलर की तरह काम कर रही है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दूसरों के अच्छे काम देखकर असुरक्षित हो जाते हैं।



## खबर संक्षेप

### तीन को कांग्रेस पार्टी की ओर से तहसील पर धरना

**कोरांव।** कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व विधायक मेजा रामकृपाल कोल के नेतृत्व में विभिन्न समस्याओं को ले कर तहसील कोराव प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। और मांग पत्र सौंपा जाएगा। पूर्व विधायक ने तीन सितंबर को तहसील चलो का आहवान किया है।

### भाजपा नेता निधन पर शोक श्रद्धांजलि

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सहसों पर मंडल अध्यक्ष सहसों अनिल सरोज की अध्यक्षता में एक शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष कन्हैया लाल प्रजापति के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं भूमि विकास बैंक फूलपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी, कन्हैया लाल पांडे सहित अन्य कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह, ब्लाक प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू , चन्द्रेश कुमार केसरवानी, राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश दूबे, जितेन्द्र पटेल,पवन कुमार शुक्ला, नरेन्द्र कुशवाहा, महेश सिंह, संजय सिंह,मुकेश दूबे, अमन सिंह राजपूत, राजकुमार जायसवाल, अनिल जायसवाल, शिव बाबू केसरवानी, राजेंद्र वर्मा, प्रमोद शुक्ला,मुन्ना दूबे आदि रहे।

# पंपिंगसेट के कुएं में उतरे दो युवकों का जहरीली गैस से दम घुटा , मौत

## कुएं में डाली गई मोटर को बाहर निकालने उतरे थे दोनों युवक

अखंड भारत संदेश



हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की जमा भारी भीड़

**करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लटकहा पनासा गांव में कुएं में डाली गई मोटर बाहर निकालने के लिए कुएं के नीचे उतरे दो दोस्तों की दम घुटने से मौत हुई मौत । जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी राम सिंह यादव घर से 500 मीटर की दूरी पर कछारी इलाके में कुआ बनवा कर उसमें बोरवेल मशीन डाल खेती किसानी का काम करते हैं। लेकिन पिछले कई दिनों से लगातार नदियों का जलस्तर में वृद्धि होने के कारण बाढ़ का पानी कुए के करीब आ गया। इससे कुएं में पानी भर जाने से डाली गई मशीन खराब होने की अंदेशा को जताते हुए मशीन बाहर निकालने के लिए शुक्रवार सुबह 10 बजे के करीब राम सिंह का बेटा आशू यादव 17 वर्ष ने गांव के ही अपने दोस्त शिवाकांत 18 वर्ष पुत्र विजय लाल के साथ कुएं में उतरा था। लेकिन कुए में बने जहरीली गैस की चपेट में आने से दोनों युवकों की दम घुटने से मौत हो गई। थोड़ी देर बाद दोनों युवक बाहर नहीं निकले तो वहीं पर मौजूद अन्य लोगों ने शोर-शराबा करने लगे। शोर-शराबा होने की आवाज जैसे ही ग्रामीणों तो पहुंची हड़कंप मच गया। धीरे-धीरे लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना होने पर थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, तहसीलदार रमेश कुमार पांडे, फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां लगभग 2 घंटे कड़ी रेस्क्यू के बाद दोनों के शव को बाहर निकाला गया। एक साथ दोनों की हुई मौत को लेकर दोनों परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। राम सिंह किसानी का काम करता है। उसके दो बेटे व तीन बेटियां है। बेटे और बेटियों में आशू यादव पहले नंबर का लड़का था। वही विजय लाल यादव राजगीर मिस्त्री का काम करते हैं। उनके तीन बेटे और चार बेटियां हैं। बेटो में शिवाकांत दूसरे नंबर का लड़का था।

## शादी का झांसा देकर विधवा के साथ निरंतर किया बलात्कार मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक विधवा ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर महीनों बलात्कार करता रहा। जब विधवा ने शादी की बात कही तो जान से मारने की धमकी दी। विधवा ने मऊआइमा थाने में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दुबाही निवासनीय एक विधवा का कहना है कि उसके यहां प्रतापगढ़ के पटटी से एक युवक आता जाता था। तथा उससे शादी का झांसा देकर महीनों बलात्कार करता रहा। जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो जान से मारे की धमकी दी। विधवा ने मऊआइमा थाने में प्रतापगढ़ के पटटी निवासी मोहम्मद इस्लाम पुत्र अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नैनी में किराना व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी में जीसी कंपनी के सामने गुरुवार देर रात गल्ला मंडी नैनी के किराना व्यवसायी 26 वर्ष अमित जयसवाल को गोली मारकर हत्या कर दी गई हमलावरों ने अमित के सिर में गोली मारी पान की दुकान के पास वह लहूलुहान होकर गिरा तो कातिल असला लहराते हुए भाग निकले।

गल्ला मंडी परिसर में रहने वाले किराना व्यवसायी रोशन लाल जयसवाल उर्फ गोलकई का बेटा अमित गुरुवार रात नौ बजे अपनी दुकान बंद कर बाइक से निकला था साढ़े दस बजे के करीब घर वाले ने फोन किया तो उसने कहा कुछ देर में घर आ रहा हूं इसके बाद उसकी हत्या की खबर घरवालों को मिली घटना रात पौने ग्यारह बजे की बताई जा रही है जीसी कंपनी के सामने पान की दुकान पर वह अक्सर जाता था वहीं पर अमित की बाइक खड़ी मिली है घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर अमित को पहले प्राइवेट अस्पताल एडीए में ले गई जहां डॉक्टरों ने अमित को देखकर स्वरूप रानी अस्पताल के लिए बोल दिए तब पुलिस अमित को स्वरूप रानी अस्पताल लेकर गई जहां डॉक्टरों ने देखा कि अमित मृत घोषित कर दिया घरवालों का कहना है की अमित कि किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी वही शुक्रवार को बॉडी पोस्टमार्टम हाउस से जब घर आई घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## गोली मार कर हुई थी अमित की हत्या, पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**नैनी।** अरेवा कंपनी के पास पान की दुकान के बगल गुरुवार को नैनी बाजार के गल्लामंडी के रहने वाले अमित जायसवाल 26 पुत्र रोशन लाल जायसवाल उर्फ गोलकाई का शव सड़क किनारे पड़ा होने पर पहुंची पुलिस ने बताया था कि ट्रक का टायर फटने से गिट्टी के लगने से सिर आई चोट से युवक की मौत हुई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली मिलने की पुष्टि हुई। शाम को अमित का शव गल्ला मंडी में घर पहुंचने पर परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। जिससे वहां मौजूद लोगो की आंखे नम हो गई। लोगो ने किसी तरह उन्हें सम्हाला। शव को अंतिम यात्रा पर ले जाते समय परिजनों ने अरैल चौराहे पर कुछ देर के लिए चक्का जाम कर दिया। स्थित को सम्हालने में पुलिस को पसीना आ गया। किसी तरह शव को घाट तक पहुंचाया गया। अमित नैनी बाजार में मसाले का काम करते था। पोस्टमार्टम में गोली मिलने की पुष्टि सी ओ करछना राजेश यादव ने की है। पुलिस मामले के खुलासे में जुटी है। सूत्रों के अनुसार कई लोगो को उठाया भी गया है।

## घर में घुस कर चोरों ने हजारों के माल पर किया हाथ साफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** घर के सारे सदस्य बाहर सोए थे। चोर घर में घुस कर कमरे में दाखिल होकर सन्दूकों में रखा हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बुआपुर निवासी अब्दुल हमीद पुत्र मोहम्मद यासीन का परिवार घर के बाहर सोया था। चोर घर में घुस कर कमरे में दाखिल होकर सन्दूकों में रखा सोने ,चांदी के जेवरात ,ताम्बा पीतल के बर्तन सहित हजारों रूपया नगदी एंव अन्य गृहस्थी के सामानों पर हाथ साफ कर दिए। अब्दूल हमीद ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।



## भुवनेश्वर से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त होने से बची

**मेजा रोड।** भुवनेश्वर से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस बुधवार की रात हादसे का शिकार होने से बच गई। प्रयागराज मंडल के ऊंचडीह-मेजा रोड के बीच अप लाइन पर किसी ने बाइक खड़ी कर दी। राहत भरी बात यह रही कि डाउन लाइन पर आ रही संघमित्रा एक्सप्रेस के ड्राइवर ने ट्रैक पर बाइक देख ली। कंट्रोल रूम पर सूचना देने के बाद वहां आरपीएफ ने बाइक हटाई। इस दौरान आरपीएफ प्रयागराज छिवकी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीती रात दो बजे के आसपास दानापुर जा रही गाड़ी संख्या 12295 संघमित्रा के ड्राइवर ने अप लाइन पर बाइक खड़ी देखी। ड्राइवर ने बिना देर किए इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। उसी दौरान डाउन लाइन से 22811 भुवनेश्वर राजधानी को गुजरना था। गनीमत यह रही समय रहते कंट्रोल रूम को इसकी सूचना मिल गई। अन्यथा ट्रैक पर खड़ी बाइक से राजधानी जरूर टकरा जाती। उधर कंट्रोल से सूचना मिलने के बाद किमी संख्या 784/11-13 से पहले भुवनेश्वर राजधानी को रोक दिया गया। उसमें एस्कार्ट कर रहे आरपीएफ जवानों ने रेल ट्रैक से बाइक को हटा दिया। इस दौरान रात 2.06 बजे से 2.25 बजे तक राजधानी खड़ी रही। लाइन क्लीयर होने के बाद ही उसे प्रयागराज जंक्शन की ओर रवाना किया गया। इस बारे में जोन के सीनियर पीआरओ डॉ. अमित मालवीय का कहना है कि आरपीएफ ने प्रयागराज छिवकी में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस वाकये से रेल संचालन पर असर नहीं पड़ा है। बाकी जांच चल रही है।



## पंचायत स्तरीय खेल में प्रतिभागियों ने दिखाए करतब

**सहसों।** विकासखंड सहसों के चिरौड़ा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिता का विद्यालय परिसर में आयोजन हुआ। जिसमें खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रतिभागी बच्चों की जिज्ञासा को बढ़ाते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा से बच्चों में आगे बढ़ने और समझने की क्षमता तीव्रता से बढ़ती है। इस मौके पर आयोजित खेल प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय खोदायपुर के अनिकेत कुमार प्रथम स्थान पर रहे वहीं 200 मीटर की प्रतियोगिता में सूरज कुमार भी प्रथम रहे। तथा बालिका वर्ग में खोदायपुर प्राथमिक विद्यालय की सुषमा ने 100 मीटर और 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहले स्थान पर रहीं। इसी प्रकार कबड्डी प्रतियोगिता में चिरौड़ा विद्यालय की टीम भी विजेता रही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार चौरसिया ने मुख्य अतिथियों सहित सभी उपस्थित जनों एवं शिक्षकों का अभिनंदन एवं स्वागत किया। खेल प्रतियोगिता के समापन पर विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक सरला देवी ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि शिवनारायण सिंह गप्पू , प्राथमिक विद्यालय संघ के अध्यक्ष दिनेश चन्द्र मिश्र, विकासखंड व्यायाम शिक्षक उमापति पाण्डे, डॉक्टर के एश मिश्र, ग्राम पंचायत अधिकारी आसमा सिंह, ललिता यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिला को मुकद्दमा वापिस लेने की धमकी



जिंदा महिला मालती पाल

**कोरांव।** तहसील कोराव के देवघाट में गत वर्ष लेखपाल द्वारा एक जीवित महिला मालती पाल पत्नी सुखलाल पाल महुली की भूमि माह फरवरी वर्ष दो हजार बीस में अपने रिश्तेदार ग्राम अल्हवा निवासी सुखलाल सिंह ओस्टेल के नाम ट्रांसफर करा दिया था। उक्त मामले में जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश पर मृतक दिखा कर महिला की जमीन दूसरे के नाम ट्रांसफर किए जाने के प्रकरण में एसडीएम कोराव को भूमि महिला के नाम वापिस किए जाने का हुक्म दिया था। और उक्त आरोप में तत्कालीन लेखपाल देवघाट और कानूनगो तथा भूमि माफिया और उसके एक सहयोगी के विरुद्ध थाना कोराव में धोखा धारी का केस दर्ज हुआ है। जिसमे अभियुक्तों ने हाईकोर्ट से आरोप दाखिल होने तक का स्टे कराया है। किंतु इसी बीच तत्कालीन एसडीएम ने लेखपाल को बहाल कर दिया था। जबकि केस अभी विचाराधीन है। आरोपी उक्त जिंदा से मुर्दा बनाई गई महिला को केस वापिस लेने की निरंतर धमकियां देते आ रहे हैं। एक आरोपी महिला के घर तक जाकर तरह तरह की धमकियां दी और मुकद्दमा वापिस लेने की धमकियां दी थी और केस न सुलह होने पर जान से प्यारे परिवार को खत्म किए जाने की धमकी दी थी। जिसकी शिकायत सक्षम न्यायालय और पुलिस प्रशासन आदि तक ।दी जा चुकी है। अभियुक्त लोग थाना पुलिस कोराब के विवेचक से दबाव बना कर केस समाप्त किए जाने उसके बाद निपटने और महिला के मददगारों आदि को मुल्के अदम भेजने की धमकी दी है। इस निमित्त अभियुक्तों ने काफी लोगों से चंदा भी कुछ एकत्रित किया है। ज्ञात हो कि उक्त गरीब महिला मालती पाल की ग्राम प्रधान अल्हवा शहजादे पत्रकार ने सहायता कर भी माफिया के विरुद्ध ट्रांसफर कराई गई जमीन उसके नाम जिला प्रशासन से पैरवी करके कराई थी। यदि पुलिस प्रशासन ने ध्यान पूर्वक कार्यवाही नहीं की तो निश्चय ही किसी भी समय कोई अप्रिय घटना घट सकती है। जिसकी जिम्मेदारी पुलिस और राजस्व प्रशासन की होगी।

# आधी रात : कंजासा गांव के दर्जनों घरों में घुसा बाढ़ का पानी

## इलाके के अन्य आधा दर्जन गांव के बस्तियों में भी पहुंचा बाढ़ का पानी





कंजासा गांव में यमुना बाढ़ का घरों में भरा पानी व बाढ़ के पानी से भरे रास्ते से सुरक्षित स्थानों पर जाते लोग

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** तेज रफ्तार से बढ़ रही यमुना का जल स्तर ने गुरुवार की आधी रात को कंजासा गांव में अफरातफरी मचा दिया। सो रहे लोगों के घरों में अचानक बाढ़ का पानी घुस गया जिससे लोगों में खलबली मच गई। लोग गिरते पड़ते घरों के सामान सुरक्षित स्थानों पर रखने लगे। और बच्चों को बाहर पहुंचाया। सुबह होते तक पूरी बस्ती बाढ़ के पानी से घिर गया। वहीं आधा दर्जन से अधिक घर बाढ़ के कटान के जद में आकर ढहने के मुहाने पर आ गए हैं। गुरुवार को आधी रात कंजासा गांव वाले उस समय मुसीबत में पड़ गए। जब आराम से अपने अपने सो रहे दर्जनों घरों में यमुना बाढ़ का पानी घुसते देखा। बाढ़ का पानी से जहा घरों को चारों ओर घिरा देखा तो वहीं घरों के अंदर घुसे पानी को देखा तो जैसे पैरों तले जमीन खिसक गई। आननफानन लोग नन्हे मुन्ने बच्चों को गोद में लेकर सुरक्षित स्थानों की तरफ लेकर भागे तो वही गृहस्थी के सामानों को नांव पर रख सुरक्षित कर बाहर ले गए। अचानक रात को ही मौके पर प्रधान दिनेश निषाद भी अपने सहयोगियों के साथ पहुंच लोगों की मदद की। गुरुवार की सुबह इलाके के इरादतगंज , सारीपुर, बीकर, देवरिया, बिरवल, पालपुर, बसवार, कैनुआ, मोहनी का पूरा आदि गांवों के बस्तियों में नालों और अंधाधुंध बनाए गए बालू परिवहन के रास्तों के माध्यम से बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है ।विनोद निषाद,डिप्टी निषाद छब्बू,दिलीप, राजकुमार सहित कई घरों में पानी भर गया है लोग आसपास शरण लिए है। वहीं दर्जन भर घर बाढ़ के कटान के जद में आकर ढहने के मुहाने खड़े हैं।

## यमुना में बह रहे हिरन के बच्चे को युवकों की टोली ने रेस्क्यू कर बचाई जान



**घूरपुर।** क्षेत्र के कंजासा गांव में उफान में आई यमुना की धारा में बहते हिरन के बच्चे को देख गांव के गोलू,अभिनव ,दीपक ,छोटू व रामसागर ने यमुना की धारा में रेस्क्यू करते हुए धारा के बीच से निकाल लिया । मामले की सूचना ग्राम प्रधान दिनेश निषाद को दी गई तो प्रधान ने वन विभाग को हिरन पकड़े जाने की सूचना दी। गांव पहुंची वन विभाग की टीम ने बारह सिंघा के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया।



## डूबे युवक का शव शेरडीह गांव में मिला

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रहीमापुर सोनौटी मार्ग पर डूबे शिवपूजन भारतीया का शव शुक्रवार को शेरडीह गांव के बाहर झाड़ियों में फसा मिला। शिव पूजन के शव मिलने की सूचना पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों की भी भारी भीड़ जमा हो गई। पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। सोनौटी गांव निवासी शिव पूजन भारतीया मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालता था गुरुवार को शिवपूजन रहीमापुर में साईकिल से मजदूरी के पैसे लेने गया था लौटते वक्त रहीमापुर सोनौटी मार्ग पर बाढ़ के पानी में डूब गया। युवक के डूबने की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम ने पूरे दिन सर्च ऑपरेशन चलाया पर शिव पूजन का शव नहीं मिला शुक्रवार को पूरे दिन एसडीआरएफ की टीम के साथ गोताखोरो ने बाढ़ के पानी में शिवपूजन के शव को खोजते रहे। शाम को शिवपूजन का शव शेरडीह गांव के बाहर बाढ़ के पानी में मिला। शिवपूजन चार भाइयों में सबसे बड़ा था उसके एक 10 वर्षीय बेटी कृति, 6 वर्षीय बेटा कार्तिकेय व 4 वर्ष का एक बेटा काब्य है। शिवपूजन की मौत से पत्नी शकुंतला देवी व माँ सीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

## न्यूज झरोखा

### लटकहा गांव में हुए हादसे पर परिजनों से मिलकर प्रमुख करछना ने व्यक्त की संवेदना



**करछना।** थाना क्षेत्र के लटकहां गांव में शुक्रवार को सुबह कुएं में जहरीली गैस के हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो जाने से पीड़ित परिजनों से ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना कमलेश द्विवेदी एवं सुरेश पांडेय प्रधान प्रतिनिधि पुरैनी विकास खंड करछना तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य ज्ञान चंद यादव डीहा बगरहा, ओपी सिंह उर्फ कबूतर सिंह पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य करछना सहित कई गणमान्य लोगों ने पीड़ित के पिता राम सिंह यादव वह विजय लाल के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया बता दें कि शुक्रवार को लटकहां गांव में बाढ़ की चपेट में आ रहे बोरवेल में लगी पंपिंग सेट की मोटर को निकालने के लिए लटकहां गांव निवासी राम सिंह यादव का पुत्र अंशु 17 वर्ष व उसका दोस्त शिवाकांत 18 वर्ष पुत्र विजय लाल 18 वर्ष कुएं में मोटर निकालने ? कुए के अंदर गये थे तथा कुएं म् जहरीली गैस की वजह से दम घुटने से दोनों युवकों की मौत हो गई जिसका स्थानीय पुलिस व गांव वालों द्वारा रेस्क्यू करके दोनों युवकों की लाश निकलवाई गई और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### प्रखंड प्रतापपुर विहिप स्थापना दिवस की बैठक संपन्न




**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् द्वारा आयोजित स्थापना दिवस समारोह प्रखंड प्रतापपुर खखैचा में प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे की अध्यक्षता में हुआ जिसमें मुख्य वक्ता विहिप के प्रांत धर्म प्रचार प्रसार एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा ने संगठन के विषय में प्रकाश डाला और समस्त हिन्दू समाज से संगठित रहने और विहिप से जुड़ने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष प्रभात सोनी,सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक बजरंगदल संयोजक बृजेश यादव शेरा,सहसंयोजक आलोक द्विवेदी,खंड अध्यक्ष नेदुला आकाश गुप्ता,खंड सत्संग प्रमुख आचार्य कृष्णलाल तिवारी,खंड संयोजक बजरंगदल सिद्धार्थ सिंह,रस्तीपुर सत्संग प्रमुख आचार्य संगम प्रसाद तिवारी,मातृ शक्ति फूलकुमारी द्विवेदी,रोहन शुक्ला,अभिनव पांडेय,अनिल बिन्द,रमेश भारतिया,टार्जन सिंह,शक्ति सिंह आदि हिन्दू जनमानस उपस्थित रहे।

### जंघई कालोनी में आवारा सांड का आतंक आधा दर्जन लोगों को किया घायल



**जंघई।** आवारा सांड के आतंक से इन दिनों जंघई कालोनी में रहने वाले नागरिकों एवं नागरिक इंटर एवं पीजी कॉलेज जंघई में पढ़ाई करने वाले बच्चों एवं राहगीरों के बीच दहशत का माहौल है। करीब आधा दर्जन लोगों को अभी तक सांड मार चुका है जिससे लोगों के पैर टूट गये सिर एवं शरीर में चोटें आई हैं जिसकी वजह से लोगों में दहशत है यह सांड दिनभर सड़कों एवं कालेज के मैदान में टहलता रहता है और लोगों को मारने के लिए दौड़ा लेता है जिसके कारण लोगों में भय का माहौल है कब किसको यह सांड मार दे यह भय दिन रात बना हुआ है लोगों ने प्रशासन से सांड पकड़ने की मांग की है।

### जंघई अष्टभुजा गेट से असवां मार्ग गड्ढे में तब्दील



**जंघई।** जंघई अष्टभुजा गेट से जंघई दुबान एवं असवां गांव तक जाने वाली सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। प्रतिदिन सायकिल एवं बाइक सवार गिरकर चुटहिल हो रहे हैं चार पहिया वाहन गड्ढे में फंसकर घंटों खड़ी हो जाती है आवागमन बाधित हो रहा लेकिन किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासन का ध्यान सड़क के गड्ढों पर नहीं जा रहा है जिससे आवागमन करने वाले लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर मिली शुभकामनाएं



**जारी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय प्रयागराज में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल जी का एक साल कार्यकाल पूरे होने पर समस्त जिला पदाधिकारी व मंडल पदाधिकारी पहुंच कर जिला अध्यक्ष जी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष पाल, जिला मंत्री अनुपम पटेल, जिला मंत्री सुरेंद्र बहादुर सिंह ,जिला मंत्री संजय पाल मंडल अध्यक्ष चौक, अखिलेश पटेल, रामराज सिंह, संदीप निषाद, शिव शंकर गुप्ता, बुद्धसेन सिंह, विनोद विश्वकर्मा, व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विहिप प्रखंड धनूपुर की बैठक सम्पन्न

**धनूपुर।** विश्व हिंदू परिषद धनूपुर प्रखंड का स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम ग्राम सभा देवदहना, गोपालीपुर में संपन्न हुआ ।इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी प्रधानाचार्य, विशिष्ट वक्ता दीपक द्विवेदी जिला मीडिया प्रमुख एवं दुर्गेश शुक्ला जिला सह संयोजक बजरंग दल रहे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज शुक्ला प्रखंड उपाध्यक्ष धनूपुर ने किया ।इस अवसर पर शंकर लाल प्रजापति प्रखंड विहिप गौरक्षा प्रमुख, मनोज कुमार प्रधान देवदहना, अशोक गुप्ता, गुलाब गुप्ता, धर्मराज भारतीया, राम सिंह मौर्य एवं धनुपूर प्रखंड के पदाधिकारी व हिंदू जनमानस कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### साइबर जागरूकता रैली को आईजी ने दिखाई झंडी

**प्रयागराज।** पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, डॉ. राकेश सिंह की ओर से एसीसीआई प्रयागराज शाखा एवं आरएस ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से सेंट जोसेफ स्कूल नैनी में 'साइबर जागरूकता एवं महिलाओं की सुरक्षा' के संबंध में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान 'साइबर जागरूकता एवं महिलाओं की सुरक्षा' के संबंध में छात्राओं की ओर से रंगोली के माध्यम से समाज को जागरुकता का संदेश दिया गया। इसके साथ ही आईजी रेंज द्वारा स्कूल के प्रांगण में वृक्षारोपण कर समाज को वृक्षारोपण करने के सम्बंध में जागरूक किया गया। आईजी रेंज ने साइबर अपराध एवं महिलाओ की सुरक्षा के संबंध मे जानकारी दी। उन्होने अपराधों से बचने के लिए बताया कि सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति को कदापि न जोड़े, यूजर-पासवर्ड किसी से साझा न करे। अनजान व्यक्ति के साथ फोन कॉल, वीडियो कॉल, व्हाट्सएप काल स्वीकार न करे। किसी को भी अपने मोबाइल पर आई ओटीपी तथा लिंक को साझा करें।

# खतरे के निशान से 26 सेंटीमीटर ऊपर बह रहीं गंगा

अखंड भारत संदेश



प्रयागराज के संगम क्षेत्र में बाढ़ का मंजर

**प्रयागराज।** गंगा-यमुना के रौद्र रूप से शुक्रवार को तटवर्ती इलाकों में कोहराम मच गया। दोपहर बाद गंगा-यमुना दोनों खतरे के निशान को पार कर गईं। यमुना की सहायक नदियों केन, बेतवा और चंबल में लगातार उफान से बाढ़ का दायरा और बढ़ने की आशंका है। उधर, गंगा में भी हरिद्वार, नरोरा और कानपुर बैराजों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इससे निचले स्तरों में बसी आवासीय कॉलोनियों में मुसीबतों की बाढ़ फैलने लगी है।पड़ोसी राज्यों में बारिश के साथ ही नदियों के उफान पर होने का असर यहां साफ दिखने लगा है। यमुना और सहायक नदियों में जल दबाव की वजह से लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष की ओर से देर शाम जारी बुलेटिन के मुताबिक गंगा चार सेमी. प्रति घंटा और यमुना पांच सेमी. प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही हैं।रात आठ बजे तक यमुना खतरे के निशान से 19 सेमी. ऊपर बह रही थी। इस अवधि तक नैनी में यमुना का जलस्तर 84.92 मीटर रिकार्ड किया गया। इसी तरह गंगा के जलस्तर में भी लगातार तेजी से वृद्धि हो रही है।फाफामऊ में गंगा खतरे के निशान से 26 सेंमी ऊपर बह रही है। यहां गंगा का जलस्तर रात आठ बजे तक 84.99 मीटर रिकार्ड किया गया। गंगा -यमुना के रौद्र रूप के साथ ही श्मशान घाटों पर भी पानी भर गया है। इससे अंतिम संस्कार में भी लोगों को अब दिक्कतें आने लगी हैं। दारागंज श्मशान घाट डूबने के बाद अब बांध के ऊपरी हिस्से में शवों का अंतिम संस्कार कराया जा रहा है।अभी 24 घंटे तक इसी तरह गंगा-यमुना के जलस्तर में वृद्धि होने की उम्मीद है। ऊपरी हिस्से में जल दबाव होने की वजह से बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है। इस स्थिति का सामना अभी कुछ और दिनों तक करना पड़ सकता है। - सिद्धार्थ कुमार सिंह, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई बाढ़ खंड।

### सामूहिक दुष्कर्म पीड़ित बीएससी की छात्रा का कराया गया मेडिको लीगल, प्राइवेट पार्ट पर भी है चोट

**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र में 17 वर्षीया किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म और हमला कर घायल करने के मामले में शुक्रवार को उसका मेडिको लीगल कराया गया। एसपी यमुनापार के निर्देश पर सीओ बारा पीड़िता को मोतीलाल नेहरू अस्पताल (काल्विन) लेकर पहुंचे। दो-तीन दिन में इसकी रिपोर्ट भी आ जाएगी। उधर, पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है।बीएससी की छात्रा के साथ 10 अगस्त को सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। उस पर हमला भी हुआ था। मरणासन्न कर उसे सड़क पर फेंक दिया गया था। कौंधियारा पुलिस ने शुरू में हीलाहवाली करते हुए हादसे बताया और रिपोर्ट भी इसी धारा में लिखी। 18 अगस्त को घरवालों ने सामूहिक दुष्कर्म की तहरीर दी तो पुलिस ने मुकदमा लिखने से इन्कार कर दिया था। 22 अगस्त की रात मामला अफसरों के संज्ञान में पहुंचा तो जांच के आदेश दिए गए। दूसरे दिन सामूहिक दुष्कर्म समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसमें एक युवक को नामजद भी किया गया।



## हंडिया में तीन दिन बाद मिला अधेड़ का शव

### एनडीआरएफ की टीम लगातार कर रही थी तलाश

**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया में दो दिन पहले नदी में डूबे अधेड़ का शव मिल गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने शव को नदी में उतराता हुआ देखा। शव की पहचान हरिशंकर यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद के रूप में हुई। एनडीआरएफ की टीम और पुलिस ने दो दिन पहले अधेड़ की काफी तलाश की थी लेकिन तब उसका शव नहीं मिल पाया था। जानकारी के अनुसार, जमशेदपुर गांव निवासी हरिशंकर यादव पुत्र अयोध्या प्रसाद यादव उम्र करीब 55 साल बुधवार को ढोकरी कछार में भैंस चराने के लिए गए हुए थे। वहां से वापस आते समय बाढ़ के पानी की चपेट में आने से डूबने से उनकी मौत हो गई थी।

**सूचना पर पहुंची पुलिस और एनडीआरएफ की टीम :** ढोकरी कछार में बाढ़ के पानी मे अधेड़ की डूबने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को बुलाया लेकिन 2 दिन तक पुलिस और एनडीआरएफ टीम को कोई सफलता नहीं मिल पाई।

**तीसरे दिन नदी में उतराता मिला अधेड़ का शव :** घटना के तीसरे दिन शुक्रवार की दोपहर में करीब 12:00 बजे अधेड़ का शव नदी में उतराया देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी हंडिया पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची हंडिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हर्षवर्धन बाजपेई ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया भ्रमण, राहत सामाग्री किए वितरित

अखंड भारत संदेश




बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेई व जिलाधिकारी

**प्रयागराज।** विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री शुक्रवार को बक्शी बांध पहुंचकर वहां से नाव के द्वारा बघाड़ा, सलोरी सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगो को बाढ़ राहत पैकेट, पीने के पानी, केला, बिस्किट भी वितरित किए। जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए वहां रह रहे लोगो को बनाये गये बाढ़ राहत शिविरों में प्रवासित होने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ राहत केन्द्रों में बाढ़ पीड़ितों के लिए खाना, नाश्ता, पानी, प्रकाश, दवाएं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि अभी और पानी बढ़ने की सम्भावना है, इसलिए जो लोग बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे है, वे सुरक्षित बाढ़ राहत केन्द्रों में चले जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि एनडीआरफ की टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर रही है तथा बाढ़ से प्रभावित लोगो को रेस्क्यू करके बाढ़ राहत केन्द्रों में पहुंचाने में मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि जल पुलिस तथा सामान्य पुलिस भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर निगरानी रख रही है। विधायक शहर उत्तरी श्री हर्षवर्धन वाजपेयी ने भी बाढ़ प्रभावित लोगो तथा अन्य निचले इलाकों में रह रहे लोगों से जहां पर बाढ़ का पानी बढ़ने की सम्भावना है, से अपील करते हुए कहा कि बाढ़ का पानी आने से पूर्व ही बनाये गये बाढ़ राहत शिविरों में विस्थापित हो जाये, जिससे कि उनकों बाढ़ से किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने तथा बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों के लोगो को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने के निर्देश दिए है साथ ही साथ उन्होंने नाव, दवाईयां, राशन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें निरंतर सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नानक सरन, एसडीएम सदर युवराज सिंह, एनडीआरएफ के अधिकारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का एसडीआरएफ लगातार ले रही है जायजा

**झूंसी।** गंगा जमुना में हर घंटे तेजी के साथ बढ़ रहे पानी को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रेस्क्यू के लिए एसडीआरएफ व पीएसी लगाई गई है। एसडीआरएफ की टीम लगातर बाढ़ प्रभावित लोगो की मदद के लिए गस्त कर रही है। गुरुवार को बाढ़ के पानी में सोनौटी का एक युवक डूब गया। जिसके बदरा सोनौटी मार्ग पर एसडीआरएफ के साथ पीएसी के जवानों की तैनाती कर दी गई है। एसटीआरएफ की टीम नाव के माध्यम से लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। तो वही घाट पर मौजूद पीएसी के जवान लोगों को गहरे पानी में नहाने का आने जाने से मना कर रहे हैं।

### महिलाओं का किया गया सम्मान

**प्रयागराज।** आपकी आवाज सामाजिक संगठन के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला समानता दिवस के उपलक्ष में विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सांसद राज्यसभा कुंवर रेवती रमण सिंह एवं श्रीमती अनामिका चौधरी राज्य महिला आयोग के सदस्य ब्लाक प्रमुख करछना श्रीमती सरोज कमलेश द्विवेदी प्रियंका मिश्रा आईपीएस एवं अनेक गणमान्य नागरिक सम्मानित किए गए जिसमें मंच का संचालन अवधेश कुमार निषाद जिला अध्यक्ष स्वागत उमाशंकर सिंह प्रदेश अध्यक्ष आभार संतोष कुमार पांडे राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव के द्वारा किया गया श्रीमती पूनम पांडे आशा कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा देवी प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती उषा सिंह पटेल जिला अध्यक्ष अंबेडकर नगर श्रीमती रेनू मिश्रा श्रीमती प्रियंका शुक्ला श्रीमती निहारिका शुक्ला श्रीमती कल्पना मिश्रा श्रीमती रेखा वर्मा श्रीमती रेखा कुशवाहा श्रीमती रेखा मोरिया श्रीमती पुष्पा तिवारी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती ममता रजनीश पांडे श्रीमती मंजू सिंह श्रीमती आदि को सम्मानित किया गया। राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रमुखता से बल दिया गया की आधी आबादी महिलाओं को समानता का अधिकार मिलना चाहिए विशेष रूप से महिलाएं हर क्षेत्र में अपने अग्रसर योगदान के कारण अति उत्साहित होकर कार्य कर रही हैं। सांसद रेवती रमण सिंह ने महिलाओं के हर लड़ाई में सहयोग करने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम समाप्त किया गया कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से लोग आए जिसमें पश्चिम बंगाल से जलपाईगुड़ी से चलकर श्रीमती रजनी मेनन बिहार से नवनीत कुमार मध्य प्रदेश से आसमा परवीन दिल्ली से शिव कुमार पंडित एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लोग इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# स्वर्गीय कन्हैयालाल को दी गई श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

### श्रद्धांजलि सभा में गंगापार यमुनापार के वरिष्ठ भाजपा नेता रहे मौजूद



**मेजा रोड।** जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक संगठन में रहकर सेवा देने वाले वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष स्व.कन्हैयालाल प्रजापति को श्रद्धांजलि अर्पित करने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं क्षेत्रीय गणमान्यजनों ने शुक्रवार को मांडा विकासखंड मे उपस्थित हुए।जिलाध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ भारती के अध्यक्षता में आयोजित स्व.कन्हैया लाल प्रजापति की श्रष्दांजलि सभा में सभी पदाधिकारियों कार्यकताओं क्षेत्रीय जनों ने अपनी-अपनी श्रष्दांजलि अर्पित कर नमन कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर उनके साथ विताएं पलों को अपने विचारों के माध्यम से सभा में रखा। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने कहा भाजपा के लिए विषम परिस्थितियों में जो कार्य संगठन के मजबूती के लिए किए कन्हैयालाल ने किया वह सदैव स्मरण रहेगा। वह फाउंडर मेंबर थे उनका स्टेच्यू या मार्गों का नामकरण कराने का कार्य करूगा जिससे इनके नाम को लोग स्मरण करते रहे। विधायक कोरांव राजमणि कोल ने कहा स्व. कन्हैया लाल संघ से लेकर भाजपा तक मे जोडने और मिलाने का कार्य किया ऐसे महापुरुष की भरपाई संभव नहीं है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने बताया श्रद्धांजलि से शुरू सभा दो मिनट मौन के बाद समापन किया गया। सभा का संचालन भगवान दास कुशवाहा ने किया। आभार जिला महामंत्री विक्रमादित्य मौर्य ने व्यक्त किया। सभा मे श्रष्दांजलि अर्पित कर सम्बोधित करने वाले में मुख्य रूप से क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव, जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, पूर्व विधायक प्रभा शंकर पाण्डेय, प्रदेश परिषद सदस्य विभूति नारायण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवदत्त पटेल,वरिष्ठ नेता अमरनाथ तिवारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह,रामेश्वर द्विवेदी,अशोक चौधरी, वरिष्ठ पत्रकार बच्चा पाण्डेय,विजय शंकर शुक्ला, पुष्पराज सिंह पटेल,अशोक पाण्डेय, राजेश्वरी तिवारी,अजीत प्रताप सिंह, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, राजू शुक्ला, माड़वी शरण द्विवेदी, ज्ञान नारायण कन्नौजिया आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय कन्हैयालाल के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

**मऊआइमा।** मऊआइमा में नेशनल मेडिकल स्टोर के संचालक अब्दुल मालिक को 21 अगस्त को दबंगों ने मार पीट कर बेहोश कर दिया था।तथा दवाओं को नष्ट कर दिया था। जिसमें अब्दुल मलिक ने मऊआइमा थाने में आधा दर्जन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। बताया गया है कि अभी तक नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज केमिस्ट एंव ड्रगिस्ट एसोसिएशन और प्रयाग व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री विजय अरोरा ,ओ सी.डी यूपी के चेयरमैन राणा चावला, प्रयाग केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसीएशन के अध्यक्ष श्री परमजीत सिंह , महामंत्री शिवम् जयसवाल, रीटेल के संघटन मंत्री श्री निखिल मलँग के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शुक्रवार को मिलकर नेशनल मेडिकल स्टोर में घुस कर मारे पीटने और तोड फोड करने वाले नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी तथा घटना के सम्बंध में ज्ञापन दिया और जल्द दबंगों की गिरफ़्तारी एंव अपराधिक इतिहासों जांच की माँग की गयी। वरिष्ठ पुलिस आधीक्षक ने थाना माऊआइमा पुलिस को उचित कार्यवाही का निर्देश देते हुए व्यापारियों को जल्द गिरफ्तार का आश्वासन दिए।व्यायापार मंडल के साथ ज्ञापन देने वालों में मऊआइमा केमिस्ट एंव ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी और मो. तारिक, मो.अलताफ ,मोहम्मद तारिक मो. नावेद मुशफि क अहमद, अब्दुल मालिक, अब्दुल मोमीन आदि मौजूद रहे।

## 78 केंद्रों पर आज होगी हाईस्कूल और इंटर की पूरक परीक्षा

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा-2022 में हाईस्कूल और इंटर की पूरक परीक्षा आज प्रदेश के 78 जिलों में दो पालियों में कराई जाएगी। पहली पाली में दसवीं की परीक्षा सुबह आठ से 11.15 बजे, दूसरी पाली में दोपहर 02 से 05.15 के बीच बारहवीं की परीक्षा होगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना है। पूरक परीक्षा के लिए कुल 34 हजार 321 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें दसवीं के 17,745 और बारहवीं के 16,576 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। हर जिले में परीक्षा के लिए एक केंद्र बनाया गया है। केंद्रों पर बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और मोबाइल आदि को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्र के भीतर सीसीटीवी कैमरा और राउटर आदि क्रियाशील रहेंगे। गौरतलब है कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2022 इस बार 24 मार्च से 13 अप्रैल के बीच संपन्न हुई थी। परीक्षा परिणाम 18 जून को घोषित किया गया था।


## टेंडर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इलाहाबाद झांसी स्नातक विधायक मानसिंह यादव की एक लाख रुपए विधायक निधि से जनता जूनियर हाई स्कूल बरोलहा नेवादा कौशांबी में फर्नीचर क्रय किया जाना है इच्छुक फर्म से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं । विद्यालय से टेंडर की जानकारी प्राप्त कर इच्छुक फर्म विद्यालय प्रबंधक के पास टेंडर फार्म जमा करें शर्तों के अधीन निविदा टेंडर फार्म स्वीकृत की जाएगी।

**प्रबंधक**
**जनता जूनियर हाई स्कूल**
**बरोलहा नेवादा**
**कौशांबी**




## मसाज करा रहे दरोगा का वीडियो वायरल, निलंबित

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज राकेश शर्मा का मसाज कराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। शुक्रवार को वीडियो के वायरल होने के बाद किसी ने मुख्यमंत्री और पुलिस अफसरों को ट्वीट करके दरोगा की शिकायत की है। इस प्रकरण में एसएसपी शैलेश पांडेय ने जांच के बाद आरोपी दरोगा राकेश शर्मा को निलंबित कर दिया है। इससे एक दिन पहले ही मसाज पार्लर में छेड़खानी के आरोपी दरोगा कलीमउल्ला को पुलिस ने मारपीट और छेड़खानी के आरोप में जेल भेजा था। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में वर्दी पहने सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज राकेश शर्मा एक मसाज पार्लर में बैठा है। वहां पर एक युवती उनके चेहरे का मसाज कर रही है। वह मुस्कुरा रही है। इस बीच दरोगा की आंखें बंद है। उसके चेहरे पर क्रीम लगा है। तभी कोई सामने से यह वीडियो बनाता है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब शेयर किया जा रहा है।

### हत्या, लूट के आरोपी पुलिस कर्मी को जमानत देने से इंकार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के बक्सा थाना पुलिस की अभिरक्षा में पुजारी यादव की हत्या और लूट के आरोपी पुलिस कर्मी को जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि एम्स के डॉक्टरों की टीम ने पीटे जाने की चोट से मौत मानी है। कहा है कि यह नेचुरल मौत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि आरोपी अनुशासित पुलिस बल का सदस्य है। जिस पर कानून व्यवस्था कायम रखने एवं नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी होती है। योजनाबद्ध षड्यंत्र कर लूट करना और अभिरक्षा में मौत होने के आरोप से स्पष्ट है पुलिस शक्ति का दुरुपयोग किया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने पुलिस कर्मी रामकृत यादव की जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। मामले में 11 फरवरी 21 की रात साढ़े 12 बजे अजय कुमार सिंह बक्सा थाना इंचार्ज के नेतृत्व में एसओजी पुलिस की टीम शिकायतकर्ता अजय कुमार यादव के घर पर गई और तलाशी ली। बक्से का ताला तोड़ 60 हजार रुपये व जेवर लूट लिए और भाई कृष्ण कुमार यादव उर्फ पुजारी यादव को पकड़कर थाने ले गई। साथ ही पुजारी की मोटर साइकिल भी ले गई। थाने पर घर वालों से मिलने नहीं दिया गया। सुबह बताया कि पुजारी यादव की मौत हो गई है। रात की घटना की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी गई। सुनवाई न होने पर अजय कुमार यादव ने हाईकोर्ट की शरण ली। कोर्ट को पुलिस ने नई कहानी बताई कि बिरहदपुर गांव के पास मोटर साइकिल टक्कर में लोगों ने मारापीटा। जिसमें वह घायल हो गया था। जिससे मौत हो गई। घटना की न्यायिक मजिस्ट्रेट से भी जांच कराई गई। इसके बाद कोर्ट ने सीबीआई को जांच सौंपी। कोर्ट ने कहा पुलिस अभिरक्षा में मौत हुई है। इसलिए जमानत नहीं दी जा सकती।

## 34 वर्ष बाद साढ़े चार वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, बर्बरता के आरोपी की सजा बरकरार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साढ़े चार वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसके शरीर के निजी अंगों को ब्लेड से काटने के आरोपी इशरत (18 वर्ष) को सत्र अदालत कानपुर नगर की ओर से सुनाई गई तीन वर्ष की कैद की सजा को सही करार दिया है। कोर्ट ने आरोपी की जमानत निरस्त करते हुए बची सजा भुगतने के लिए अदालत में समर्पण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त अमानवीय गंभीर अपराध करने का दोषी है। ऐसे में उदारता बरतने का हकदार नहीं हैं। गवाहों के बयान तथा साक्ष्य से अपराध साबित हुआ है। कोर्ट ने सरकार की ओर से गंभीर अपराध की अपील न करने को दुखद और लोक अभियोजक की लापरवाही को निंदनीय बताया है। कहा, अभियुक्त ने जघन्य अपराध किया है।कोर्ट ने आरोपी के समर्पण न करने पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से कार्रवाई के लिए कहा है। यह फैसला न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने सजा के खिलाफ आरोपी इशरत की अपील को खारिज करते हुए दिया है। मामले में 19 नवंबर 88 को कानपुर नगर के चमनगंज थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी पड़ोसी के घर खेलने गई थी। तकरीबन तीन बजे गांव के लोग उसे खून से लथपथ घर लाए। वह बोलने की हालत में नहीं थी। ऐसे में अस्पताल में उसका इलाज कराया गया। दुष्कर्म कर उसके निजी अंगों को ब्लेड से काटा गया था। घटना में प्रयुक्त ब्लेड खेत में घटना स्थल से बरामद हुई। पुलिस विवेचना में पीड़िता के बयान पर गिरफ्तारी करने के बाद चार्जशीट दाखिल की गई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने धारा 324 में तीन वर्ष तथा धारा 354 में दो वर्ष की सजा सुनाई, जिसे अपील में चुनौती दी गई थी। आरोपी ने स्वयं को नाबालिग बताते हुए उदारता बरतने की मांग की। किंतु डाक्टरों की जांच में वह बालिग पाया गया। कोर्ट ने अपराध साबित मानते हुए सजा की पुष्टि कर दी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सोरांव वि. ख. सोरांव प्रयागराज

### निविदा

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा अंश से ग्राम पंचायत सोरावं विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज को प्राप्त धनराशियों से कराये जाने वाले अद्योलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मो द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 25-08-2022 से 29-08-2022 तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 30-08-2022 को ग्राम पंचायत कार्यालय सोरांव में 2 बजे अपराहन उपस्थिति फर्मो के निविदिदाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | ग्राम पंचायत का नाम | कार्यो का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | सोरांव | डा. समीम के घर से मोबीन के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य |
| 2. | सोरांव | कर्बला सरीफ के सामने से तालाब तक इण्टरलाकिंग कार्य |
| 3. | सोरांव | मेन रोड से दुलारे धोबी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य |
| 4. | सोरांव | बफाती धोबी के घर से मकसूद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य |
| 5. | सोरांव | साइफन सफाई, मुहर्रम त्योहार पर सफाई, संचारी रोग पर सफाई आदि |
| 6. | सोरांव | विभिन्न स्थलों पर नाली पर ढक्कन निर्माण/मरम्मत कार्य |
| 7. | सोरांव | गौशाला में थाला निर्माण, चरही निर्माण, नाली निर्माण |
| 8. | सोरांव | गौशाला में शौचायल/हैण्डपम्प, समर्शिवल निर्माण |
| 9. | सोरांव | मेन रोड से आकिब के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य |
| 10. | सोरांव | बाजार में टीन शेड मरम्मत कार्य |
| 11. | सोरांव | आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण |

शाहिद अली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सोरांव
वि0 ख0 सोरांव प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

अखिलेश कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत सोरांव
वि0 ख0 सोरांव प्रयागराज

# रामलीला मैदान में अवैध दुकानों व गुमटियों को सेना ने तोड़कर जलाया

## कार्यवाही की वीडियो बना रहे आधा दर्जन लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सेना द्वारा शहर के रामलीला मैदान में बार-बार चेतावनी देने के बाद भी उसकी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले लोगों की दुकानों पर आज जमकर तोड़-फोड़ की गई तथा जबरदस्त तोड़-फोड़ के बाद गुमटियों व दुकानों में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाकर उसे फूंक दिया गया। लग रहा था कि सेना के अधिकारी व जवान गुस्से में थे। सेना द्वारा तोड़-फोड़ करने व आगजनी का वीडियो बना रहे लोगों को सेना ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। दो घंटे की सेना के आपरेषन में रामलीला मैदान की अवैध गुमटी व दुकानें जलकर खाक हो गई।


सेना के जवानों द्वारा गुमटी में लगाई गई आग।

घटना के बारे में बताया जाता है कि शुक्रवार को पूर्वान्ह लगभग साढे. दस बजे सेना के एक दर्जन वाहनों से प्रयागराज से सेना के अधिकारी व सैनिक रामलीला मैदान पहुंचे थे। इसके पहले भी कई बार सेना के अधिकारी रामलीला मैदान को खाली कराने के बाद चेतावनी देकर वापस लौट जाते थे कि रामलीला मैदान में सेना की जमीन पर अतिक्रमण न किया जाए लेकिन सेना के प्रयागराज लौटने के बाद लोग फिर गुमटी, दुकान आदि लोग लगा लेते थे। इस बार सेना ने लगभग दो घंटे पूर्वान्ह साढे. दस बजे से अपरान्ह साढे. दस बजे तक दुकानों में जमकर तोड़-फोड़ की गई। जो दुकान नहीं टूट पा रही थी, उस पर सेना की ट्रकें चढ़ा दी गई।

उसके बाद क्षतिग्रस्त दुकानों व गुमटियों को आग के हवाले कर दिया गया। सेना के इस जबरदस्त कार्यवाही की लगभग आधा दर्जन लोग वीडियो बना रहे थे जिन्हें सेना के जवान दौड़ा-दौड़ाकर पीटते देखे गये। सेना की इस कार्यवाही से रामलीला मैदान व उसके आसपास के क्षेत्रों में हड़कंप मच गया। सेना की गाड़ियां अपरान्ह साढे.बारह बजे के बाद वापस प्रयागराज लौट गई।

## कार्डधारकों को 31 अगस्त तक खाद्यान्न का होगा वितरण

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अन्तर्गत अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 25 अगस्त से 31 अगस्त के बीच खाद्यान्न एवं नमक, तेल व चना का वितरण ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रतिकार्ड 14 किग्रा0 गेहूँ व 21 किग्रा0 चावल एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 02 किग्रा0 गेहूँ व 03 किग्रा0 चावल (गेहूँ 02 रुपए प्रति किग्रा0 तथा चावल 3 रुपए प्रति किग्रा0 की दर से) का वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 01 किग्रा आयोडाइज्ड नमक, 01 किग्रा0 साबुत चना तथा 01 ली0 रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयल का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न होने की स्थिति में कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि 31 अगस्त को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेंगे। जनपद-प्रतापगढ़ में विक्रेताओं को सभी पांचो वस्तुये अभी उपलब्ध नहीं हो सकी है इसलिये समस्त उचित दर विक्रेता इसकी सूचना दुकान की नोटिस बोर्ड पर चश्पा करेंगे।

# पट्टी में गोआश्रय स्थलों का बुरा हाल

## दलदल में रहने को विवश है गाये, सफाई व्यवस्था खस्ताहाल


गो आश्रय में हुए दलदल को सही करते कर्मचारी।

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र में गोआश्रय स्थलों का हाल बहुत बुरा हो चुका है। गायों के रहने के लिए उन्हें खुले आसमान के नीचे छोड़ दिया गया है। टीन शेड की व्यवस्था न होने से गाय बरसात के रुके हुए पानी के दलदल में रहने को विवश हो गई है। हालांकि सरकार ने इसके लिए लाखों रुपए अब बजट खर्च किया है, लेकिन अव्यवस्था के कारण मवेशियों को मरने का सिलसिला बंद नहीं हो रहा है। इसके लिए जिम्मेदार लोग एक दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं ।

पट्टी तहसील क्षेत्र के मेंहदिया में बने गोआश्रय स्थल को बने हुए 5 साल बीत गए हैं, लेकिन यह व्यवस्थित नहीं हो पाया है। पूर्व प्रधान के कार्यकाल में वर्तमान प्रधान के कार्यकाल में पांच लाख खर्च किए जा चुके हैं। इस स्थल को देखने से पता चलता है कि क्षमता से अधिक गाये यहां पर है। गुरुवार को एक मवेशी मृत मिला जबकि एक गाय दलदल में फंसी थी। 5 गोवंश बीमार पड़े थे और इलाज के लिए डॉक्टर की राह देख रहे थे। समूचे प्रांगण में कीचड़ की भरमार दिखाई दे रही थी अंदर जाने पर दलदल में फंस जाने का डर था। इस आश्रय स्थल में गोबर डालने के लिए कंपोस्ट बनाया गया है लेकिन यह शोपीस बनकर रह गया है। इसमें वीडियो के निर्देश के बाद भी गोबर नहीं डाला गया था। इस वजह से बहता गोबर मिट्टी के साथ मिलकर दलदल में बदला हुआ दिखाई दिया। इसमें गाये रहने को विवश नजर आ रही थी। इसी कारण वह बीमार भी हो रही है, और इलाज के नाम पर डॉक्टर कोरम पूरा करने के लिए आ रहे हैं। यहां पर इलाज के नाम पर सिर्फ खानापूरी की जा रही है। इस संबंध में बीडीओ पट्टी रामप्रसाद से बात करने पर उन्होंने बताया कि धन की कोई कमी नहीं है। व्यवस्था ठीक करने को निर्देशित किया गया है फिर भी अव्यवस्था तो प्रधान व सेक्रेटरी को पत्र जारी करके चेतावनी दी जाएगी। कीचड़ में मिट्टी डालने व ईट बिछाने को कहा था।

# दो समुदायों के बीच संघर्ष की गलत सूचना मिलने से खाकी हुई हलाकान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष द्वारा दो समुदायों के बीच संघर्ष की सूचना पर स्थानीय कोतवाली समेत जिला पुलिस प्रशासन शुक्रवार को हलाकान हो उठा। हालांकि आननफानन में मौके पर पहुंची पुलिस को सूचना झूठी पाये जाने पर किसी तरह राहत महसूस करते देखा गया। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली लाकर पूछताछ मे जुटी हुई है।

कोतवाली के रामपुर बावली में दिलीप पुष्पाकर पुत्र श्यामलाल का जमीन के बैनामे को लेकर असदउल्ला पुत्र वसीर अहमद से विवाद है। शुक्रवार को असदउल्ला ने बैनामे की जमीन पर चिन्हीकरण करना शुरू किया। इस पर दिलीप पुष्पाकर ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में दो समुदायों के बीच संघर्ष हो रहा है। यह सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस आननफानन में मौके की ओर भागी। वहीं सूचना पर जिले के आला अफसर भी हैरान हो उठे। कोतवाली पुलिस के मौके पर पहुंचने पर समुदायों के बीच संघर्ष की बात पूरी तरीके से गलत निकली और वहां शांति का माहौल भी बना देखा गया। स्थानीय पुलिस ने अफसरों को तत्काल सच्चाई से अवगत कराया।

इस पर आला अफसरों को भी किसी तरह चैन की सांस लेते देखा गया। पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आयी है। पुलिस के आला अफसरों ने सामुदायिक संघर्ष की झूठी सूचना देने को गंभीर माना है। अफसरों ने कोतवाली पुलिस को दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिये है। प्रभारी राजेश कुमार का कहना है कि एक जमीन के बैनामे को लेकर काफी दिनों से एक पक्ष असंतुष्ट है। झूठी सूचना देने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कडी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ में राजनाथ के सम्मान समारोह में भाग लेने जाएंगे 15 सरार्फा व्यवसायी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरार्फा एसोसिएषन के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने बताया कि उनके नेतृत्व में 15 पदाधिकारी व व्यापारी लखनऊ सरार्फा एसोसिएषन द्वारा शनिवार को निराला नगर में आयोजित रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समारोह में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिये जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी हाल में वीआईएस द्वारा पुनः एचयूआईडी लागू करने, निमार्ता से ग्राहक तक का रिकार्ड रखने से रोकने में अपने संज्ञान में लेकर सरलीकरण कराने में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सहयोग रहा है। उत्तर प्रदेष सरार्फा एसोसिएषन इसे एक सराहनीय कार्य मानता है। इस संदर्भ में एसोसिएषन के तत्वावधान में 27 अगस्त को सायंकाल पांच बजे निराला नगर के एक होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया है जिसमें 15 पदाधिकारी व व्यापारी भाग लेने जाएंगे।

# तम्बाकू व धूम्रपान की रोकथाम के लिये आगे आएं छात्राएंः प्रधानाचार्य

## जीजीआईसी में धूम्रपान सम्बन्धी गोष्ठी सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** चलो नशा मुक्ति अभियान चलाएं, सबको नशे के खतरे से बचाएं, कुछ इसी जज्बे और जोश के साथ आज निदेशक स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार एवं शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में एवं सर्वदानंद जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में एवं गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के कुशल निर्देशन में एवं डॉ मोहम्मद अनीस के कुशल संयोजन एवं संचालन में विद्यालय में तंबाकू एवं अन्य प्रकार के धूम्रपान के प्रयोग को रोकने के लिए एक विशेष गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।


गोष्ठी में धूम्रपान सम्बन्धी जानकारी देते शिक्षक।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ ने की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ मोहम्मद अनीस ने बताया कि तंबाकू का सेवन दुनिया भर में होने वाली मौतों और बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। ग्लोबल यूथ टोबैको यानी जी वाई एसटी सर्वे 2019 के अनुसार 13 से 15 साल की उम्र की 8.5 प्रतिशत छात्र और छात्राएं तंबाकू या अन्य प्रकार के धूम्रपान का प्रयोग कर रहे हैं, जो उनकी सेहत के लिए हानिकारक है। इसमें छात्राओं का अनुपात भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। प्रधानाचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज हमें छात्राओं को तंबाकू या अन्य प्रकार के धूम्रपान से रोकने के लिए आगे बढ़ना होगा और उन्हें इसके नुकसान के बारे में समझाना होगा। हम छात्राओं के माध्यम से समाज में इसके लिए जागरूकता पैदा करेंगे। डॉक्टर प्रियंका सिंह ने कहा कि जो तंबाकू खाते हैं, वह अपनी जान गंवाते हैं, इसलिए हमें सभी प्रकार के नशे और धूम्रपान से दूर रहना होगा। सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार ने इसकी रोकथाम के लिए कुछ कड़े कानून भी बनाए हैं जिसके तहत विद्यालय में और विद्यालय के बाहर किसी प्रकार के धूम्रपान पर पूर्ण रूप से पाबंदी है। शिखा श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम धूम्रपान के अन्य साधन जैसे व्हाइटनर या पेंट जैसे नशे के साधन से भी दूर रहे और अपने आप को हर तरीके के नशे से बचाएं। इस अवसर पर सविता सिंह, उमर जमील एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एंबुलेंस का पहिया निकला दुर्घटना होते होते टला

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी पृथ्वीगंज रोड पर शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे के आसपास एंबुलेंस पृथ्वीगंज पट्टी रोड होते हुए पट्टी की तरफ आ रही थी कि अचानक पिछला पहिया निकल गया, जिससे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पट्टी पृथ्वीराज रोड से होते हुए 108 एंबुलेंस आ रही थी कि अचानक उस का पिछला पहिया निकल गया चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। यह घटना रीठी गांव के समीप पेट्रोल पंप के पास की बताई जा रही है। गनीमत यह राह कि रोड पर लोग नहीं आ रहे थे नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# संदिग्ध दशा में युवक की हुई मौत, पुलिस ने शव को पीएम के लिया भेजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध दशा में मौत हो गई। पिता ने बहू व पौत्र पर हत्या का आरोप लगाता रहा तो वही बहू मौत की वजह बीमारी बताती रही। पुलिस ने मौत का कारण स्पष्ट करने के लिए शव को पीएम के लिए भेज दिया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरायजानमती गांव में शुक्रवार की सुबह संदिग्ध दशा में रंजीत गौतम (40) की मौत हो गई। पुत्र की मौत को लेकर पिता बहू व पौत्र पर ही हत्या का आरोप लगाने लगा वही बहू मौत का कारण बीमारी बताती रही। वही ससुर व बहू के बीच मौत को लेकर बहस शुरू हो गई। किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के विवाद को किसी तरह शांत कराया। पुलिस ने मौत की वजह को स्पष्ट करने के लिए पत्नी रेनू की तहरीर पर शव को पीएम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर पुलिस का कहना है की पीएम के बाद सब स्पष्ट हो जाएगा की युवक की मौत बीमारी के कारण हुई है या फिर कोई अन्य वजह है।फिलहाल मामला कुछ भी हो लेकिन घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं होती रही है।


युवक के शव की सिलाई करते परिजन।

## लालगंज पुलिस हुई संवेदनहीन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय पुलिस संवेदहीन दिखाई दे रही है। पीएम के लिए शव को भेजने के लिए उसे कपड़े से बांध कर सिलाई का कार्य पुलिस नहीं, बल्कि मृतक के सगे-संबंधी करते दिखाई दिए। उन्हें अपने आंसूओ को रोक कर शव पर लपेटे गए कपड़े की सिलाई करनी पड़ी। वहीं जिम्मेदार लोग खड़े-खड़े तरीका बताते रहे।

## एसपी ने कई उप निरीक्षकों का किया स्थानांतरण

**प्रतापगढ़।** एसपी सतपाल अंतिल ने कानून व्यवस्था में सुधार करने हेतु पुलिस महकमे में फेरबदल किया है। उप निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह को पुलिस लाइन से महेशगंज थाने की कमान मिली है। अनिल पांडेय को महेशगंज से क्राइम ब्रांच भेजा गया। इसके अलावा उप निरीक्षक एहसानुल हक को पुलिस लाइन से कोहडौर, उप निरीक्षक रामानुज पुलिस लाइन से थाना देल्हूपुर, उप निरीक्षक शिव शंकर राम को थाना रानीगंज से महेशगंज, उप निरीक्षक रज्जन लाल पुलिस लाइन से थाना देल्हूपुर, उप निरीक्षक दिनेश चंद्र तिवारी नगर कोतवाली से थाना संग्रामगढ़, उप निरीक्षक अवधेश कुमार वर्मा नगर कोतवाली से थाना संग्रामगढ़, उप निरीक्षक ओम प्रकाश यादव रानीगंज थाना से थाना दिलीपपुर, उप निरीक्षक अमरेश कुमार थाना रानीगंज से थाना लीलापुर, उप निरीक्षक पन्नालाल पुलिस लाइन से लीलापुर थाना व उप निरीक्षक रमेश कुमार यादव पुलिस लाइन से थाना लीलापुर भेजा गया है।

# नेत्र शिविर में 192 मरीजों की हुई आंखों की जांच

अखंड भारत संदेश

**परियावां।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत कोराली ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गुप्ता व चिकित्सक डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में मिनी सचिवालय कोराली में नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 192 मरीजो ने अपनी आँख की जांच कराई जिसमे 24 मरीजो को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया तथा 23 मरीजो को चश्मा व दवा मुफ्त में वितरित की गई। इस दौरान ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रही। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व चिकित्सक के इस कार्य की सराहना किया। चिकित्सक डॉ पंकज गुप्ता ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि 5-6 महीने के अंतराल पर चिकित्सक टीम गांव में आकर सभी की आँखों की जांच करा करेगी और निःशुल्क चित्रकूट अस्पताल में इलाज चलेगा। किसी प्रकार का कोई पैसा कही भी नही देना पड़ेगा। चिकित्सक टीम सभी मरीजो को अपने साथ ऑपरेशन के लिये ले गई।


मोतियाबिंद आपरेशन के लिये चित्रकूट जाते मरीज।

## रेलवे की अवैध टिकट बिक्री कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के केरावडीह निवासी आशीष मौर्य उर्फ मोनू पुत्र श्री राम मौर्य केरावडीह निवासी गांव के निकट केरावडीह मोड़ पर ऑन लाइन आधारकार्ड, पेन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि का काम करता है। आरोप है कि चोरी छिपे रेलवे की टिकट की बिक्री का काम भी करता है जिसे शुक्रवार की शाम लगभग चार बजे ऊँचाहार आरपीएफ इंचार्ज मनोज भारद्वाज आशीष को उसकी दुकान से पकड़कर अपने साथ ऊँचाहार ले गए। इस बाबत अधिक जानकारी करना चाहा तो आरपीएफ इंचार्ज मनोज भारद्वाज का फोन नही उठा। ग्रामीणों की बात मानें तो आशीष रेलवे की टिकट की बिक्री अवैध रूप से चोरी छिपे करता रहा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने पर मचा हड़कम्प

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गाव के समीप आम की बाग में शुक्रवार की सुबह युवक का शव मिलने पर हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव की लिखा पढ़ी कर पीएम को भेजा। उधर रेलवे ट्रैक पर भी युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप रहा। बताया जाता है कि उक्त थाना क्षेत्र के आम की बाग में शुक्रवार की सुबह युवक का शव मिलने पर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। शव मिलने की जानकारी मिलते ही मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसकी शिनाख्त सत्येंद्र त्रिपाठी के रूप में हुई। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक युवक सत्येंद्र मानिकपुर रिश्तेदारी में आया था, जिसका शुक्रवार की सुबह आम के बाग में शव मिला। शंका जताई जा रही है कि पुलिस को गुमराह करने के लिए युवक की हत्या किसी दूसरी जगह करके शव को आम के बाग में फेंक दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर परिजन लोग पहुंच गए। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है। उधर कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर आशिक गांव के पास प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिलने पर हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई जिसकी पहचान हथिगवां थाना क्षेत्र के बछरौली गाँव निवासी विजय सिंह के रूप में हुई। पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया पुलिस जांच पड़ताल में लगी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना का कारण पता लगाएगी।

## शासन के अपर निदेशक ने खंगाली पीएम किसान सम्मान निधि की पारदर्शिता, हडकंप

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन के अपर निदेशक कृषि ने शुक्रवार को यहां तहसील मे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पारदर्शिता को खंगाला। किसान सम्मान निधि के जिले के नोडल व राज्य अपर निदेशक के अचानक तहसील आ धमकने से किसान सम्मान निधि पटल पर हडकंप मच गया। अपर कृषि निदेशक वीरेन्द्र सिसौदिया ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की फीडिंग का भी ब्यौरा लिया। एसडीएम सौम्य मिश्र ने बताया कि तहसील के चार सौ चैवालिस राजस्व गांवों के सापेक्ष तीन सौ गांवों की फीडिंग इस मद में करायी जा चुकी है। एसडीएम ने यह भी बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल अपने निर्धारित गांवों में लगातार सम्मान निधि का सत्यापन करने मे जुटे हैं। प्रतिदिन लेखपालों द्वारा सत्यापन आख्या का तहसील में ब्यौरा दर्ज कराया जा रहा है। तीन सौ गांवो की फीडिंग देखकर हालांकि अपर निदेशक वीरेन्द्र सिसौदिया संतुष्ट नजर आये। उन्होंने तहसील के अफसरों से कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस निधि में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी गयी तो दोषी के खिलाफ शासन स्तर से कडी कार्रवाई होगी। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को भी अपर निदेशक ने किसान सम्मान निधि के सत्यापन को लेकर नियमित कड़े पर्यवेक्षण के निर्देश दिये।

# राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने की विकास कार्यों तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**राज्यमंत्री ने कहा जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए कार्यालय आने वाले लोंगों से सम्मानपूर्वक संवाद कर समस्याओं का निस्तारण किया जाए**

**निमार्णाधीन परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश अभियान चलाकर तेजी से गोल्डेन कार्ड बनाया जाय**

**घटतौली की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय सर्वे कराकर खराब हैण्डपम्पों को ठीक/रिबोर कराने के निर्देश**



समीक्षा बैठक में उपस्थित राज्य मंत्री डीएम एसपी व अन्य

**कौशाम्बी।** प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने उदयन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों तथा शान्ति एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने सभी अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, ईमानदारीपूर्वक एवं प्रतिबद्धता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से बिना भेदभाव के गरीबों को लाभान्वित किया जाय। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, सी0एच0सी0, पी0एच0सी0 तथा कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाये सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि जनशिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाय तथा कार्यालय आने वाले लोगों से सम्मान पूर्वक संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जाय राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने जनपद में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को नोडल नामित किया जाय, जो प्रत्येक सप्ताह निर्माण की प्रगति की समीक्षा करें, जिससे निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में निमार्णाधीन सभी परियोजनाओं-कड़ा कोतवाली के भवन का निर्माण कार्य, राजकीय बालिका छात्रावास कड़ा एवं विधानसभा चायल में निमार्णाधीन राजकीय आई0टी0आई0 आदि को गुणवत्तापूर्ण तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि जो भी कार्य शेष रह गये हैं, उसे पूर्ण कर सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित किया जाय। उन्होंने एन0एच0 एवं राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी के बैठक में न आने पर स्पष्टीकरण एवं वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने हर-घर नल से जल की समीक्षा के दौरान कहा कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाय कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी सड़कों आदि का निर्माण कार्य सम्बन्धित कम्पनी/ठेकेदार द्वारा अवश्य किया जाय राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने निराश्रित गोवंशों की समीक्षा के दौरान कहा कि आवारा घूम रहें गोवंशों को पकड़कर गौशालाओ में संरक्षित किया जाय तथा गौशालाओ में चारा आदि सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखा जाय। इसके साथ ही प्रत्येक गौशाला में हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्यवाही भी सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को प्रभावी निगरानी करते हुए 14 एवं 19 पैरामीटर के तहत सभी विद्यालयों को संतृप्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत भवनों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि ग्राम सचिवालयों को संचालित किया जाय तथा सम्बन्धित अधिकारी ग्राम सचिवालय में बैठकर आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि जहां पर पंचायत सहायको की नियुक्ति नहीं हुई है, वहाॅ शीघ्र ही पंचायत सहायकों की नियुक्ति पूर्ण की जाय। बैठक मे डी0पी0आर0ओ0 ने बताया कि जनपद में 290 ग्राम सचिवालय सक्रिय हैं। राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सी0एम0ओ0 से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि दवाओं को बाहर से न लिखी जाय तथा बाहर से दवा लिखने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने आयुष्मान योजना के तहत गोल्डेन कार्ड बनाये जाने की प्रगति बहुत धीमी पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि अभियान चलाकर तेजी से गोल्डेन कार्ड बनाया जाय। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी से कहा कि घटतौली की शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित कोटेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किया जाय तथा सभी पात्र व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जाय, कोई भी पात्र व्यक्ति छूटने न पाये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण की समीक्षा के दौरान कहा कि आवास दिलाने के नाम पर पैसा लेने वालों को चिन्हित कर एफ0आई0आर0 दर्ज कराकर कार्यवाही किया जाय, किसी भी प्रकार की भ्रष्टाचार की शिकायत न आने पाये। उन्होने मनरेगा की समीक्षा के दौरान कहा कि भ्रष्टाचार की शिकायत प्राप्त होने पर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने डी0पी0आर0ओ0 को सर्वे कराकर खराब हैण्डपम्पों को ठीक/रिबोर कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि बाढ़ से बचाव के सम्बन्ध में सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा बाढ़ से प्रभावित लोगों को रहने एवं खाने-पीने की समुचित व्यवस्था किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुई फसलों की क्षति का आंकलन कराकर मुआवजा दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने खराब ट्रान्सफार्मर बदलने की सिथति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत को शासन द्वारा निर्धारित समय के अन्दर ट्रान्सफार्मर बदलने के निर्देश देते हुए कहा कि जे0ई0 द्वारा ट्रान्सफार्मर बदलने के नाम पर पैसे लेने की शिकायत न आने पाये, शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित जे0ई0के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय। उन्होंने श्रम प्रवर्तन अधिकारी से कहा कि कैम्प लगाकर श्रमिकों को पंजीकृत कर योजनाओं से लाभान्वित किया जाय तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाय। मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने अवैध खनन के विरूद्ध एवं अवैध टैक्सी/ऑटो/बस स्टैण्ड के विरूद्ध की गई कार्यवाही की समीक्षा के साथ ही नई सड़कों का निर्माण/चौड़ीकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पी0एम0किसान सम्मान निधि, कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित आदि योंजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने जनपद में किये गये उत्कृष्ट विकास कार्यों/उपलब्धियों की जानकारी मा0 राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) को देते हुए बताया कि जनपद में नया मेडिकल कॉलेज निमार्णाधीन है। 50 शैय्या का आयुष हास्पिटल, मंझनपुर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जनपद में ऑक्सीजन प्लॉन्ट की स्थापना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा में 500 एल0पी0एम0, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिराथू में 500 एल0पी0एम0, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मंझनपुर में 500 एल0पी0एम0, मैटेरनल एण्ड चाइल्ड हेल्थ हास्पिटल विंग कौशाम्बी में 1000 एल0पी0एम0 एवं संयुक्त जिला चिकित्सालय में 02 प्लान्ट 1500 एल0पी0एम0 की स्थापना की गयी है तथा सभी ऑक्सीजन प्लान्ट कार्यशील हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करारी एवं शाहपुर का निर्माण कार्य पूर्ण कर अस्पताल का संचालन प्रारम्भ हो गया है। ट्रामा सेन्टर सिराथू का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जनपद के मंझनपुर में आधुनिक चीरघर एवं रिलेटिव सेड का निर्माण एवं कड़ा कोतवाली भवन का निर्माण कार्य हो रहा है। उन्होंने बताया कि सयांरा में पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा गेस्ट हाउस का निर्माण किया गया है। उदिहिन सिराथू में नया फायर स्टेशन एवं थाना कोखराज का लोकार्पण हो चुका है तथा थाना मंझनपुर में प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य चल रहा है आदि कार्य किये जा रहें है। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर द्वारा राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) को मिशन शक्ति के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों, महिला सम्बन्धी अपराधों/पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत मामलों में विवेचना तथा अभियोजन की प्रगति, अनुसूचित जाति जनजाति के व्यक्तियों के विरूद्ध अपराधों के क्रम में पंजीकृत मामलों में विवेचना तथा अभियोजन की प्रगति, गैगेस्टर अधिनियम के तहत चिन्हित अपराधी/माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की प्रगति एवं जनपद में पंजीकृत माफियाओं एवं उनके विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, एडीएम जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें तत्पश्चात राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये।

## जन सामान्य के जीवन स्तर को ऊपर उठाने पर काम कर रही है सरकार : मंत्री

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यमंत्री वा अन्य

**कौशाम्बी।** योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में बनी प्रदेश की सरकार मौजूदा समय में जन सामान्य के जीवन स्तर को ऊपर उठाने पर काम कर रही है। इसके लिए सरकार में विभिन्न योजनाएं चलाकर अधिक से अधिक लोगों तक रोजगार और विकास पहुंचाने का प्रयास किया। उक्त बातें उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में कार्यकताओं से सीधे बात करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं से बात करते हुए कहा कि सरकार पार्टी कार्यकताओं के हर सुख दुख में उनके साथ है। इस मौके पर उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से जिले की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण की बात कही उन्होंने कहा कि जो भी अधिकारी कार्यकताओं के सही बातों को नहीं सुनेगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके पूर्व उन्होंने विभिन्न सामाजिक संगठनों से भी वार्ता कर जिले का हाल जाना। इस मौके पर प्रमुख रूप से धर्मराज मौर्या, वेद प्रकाश सत्यार्थी, आशीष बच्चा, संजय जयसवाल, प्रतिभा कुशवाहा, अजय पाण्डेय, जितेन्द्र साहू, हरेन्द्र सिंह, कमल कुशवाहा, महेश लोधी के साथ सभी जिला पदाधिकारीगण, मोर्चों के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्रीगण, विभाग एवं प्रकोष्ठों के संयोजक एवं सहसंयोजक, मण्डल अध्यक्ष, मण्डल प्रभारी, सभी पूर्व एवं वर्तमान पदधिकारी के साथ पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्य बन्द कर धरना पर बैठे विधुत संविदा कर्मी

**अखंड भारत संदेश**

**विधुत थाना इंस्पेक्टर द्वारा लाइन मैन की बाइक में लात मारकर लाइन मैन को गाली देकर भगाए जाने का मामला**


धरने में बैठे विद्युत कर्मी

**भरवारी कौशाम्बी।** विद्युत थाना के इंस्पेक्टर की तानाशाही से विद्युत संविदा कर्मियों का आक्रोश सड़क पर उतर आया है और विद्युत इंस्पेक्टर के विरुद्ध संविदा कर्मी धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी करने लगे हैं नगर पालिका भरवारी के मेहता रोड स्थित पावर हाउस में विधुत थाना बनाया गया है जिसमे पुलिस के जवान सहित प्रभारी निरीक्षक भी रहते है शुक्रवार की सुबह पावर हॉउस के संविदा कर्मियों की बाइक उनके आफिस के सामने खड़ी थी जिसको लेकर प्रभारी निरीक्षक के तेवर तल्ख हो गए वही लाइनमैन लाल जी तिवारी व एस के पाल की बाइक में लात मारते हुए गिरा दी वा भद्दी भद्दी गालियां देकर उनको भगा दिया जिसको लेकर लाल जी सहित पावर हाउस के सभी कर्मचारियों ने इंस्पेक्टर के खिलाफ नारे बाजी करते हुए धरना पर बैठ गए नारे बाजी में पुलिस तेरी ताना शाही नही चलेगी खूब नारे बाजी हुई इस बीच पावर हाउस में उपभोक्ता अपना बिल जमा करने गये तो वहाँ पर बिल नही जमा किया गया इतना ही जिन लोगो की बिजली कट गये थी उसकी भी लाइट नही बनाई गयी। लाइन संविदाकर्मियों का कहना है कि हम लोगो ने कार्य बहिष्कार व धरना की जानकारी विधुत विभाग के उच्च अधिकारियों को दे दी है जब तक हम लोगो की बात नही मानी जायेगी तब तक हम लोग कार्य बहिष्कार कर धरना में बैठे रहेंगे इस बीच प्रभारी निरीक्षक विधुत थाना से वातार्लाप करने का प्रयास किया गया लेकिन वह किसी अन्य अधिकारी से वातार्लाप में ब्यस्त थे जिससे उनसे बात नहीं हो सकी।


निपुण भारत कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक

## प्रशिक्षण को पूर्ण मनोयोग से ग्रहण कर उसे विद्यालयों में करें लागू : बीएसए

**निपुण भारत मिशन के तहत परिषदीय शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ, बीआरसी मंझनपुर में पहले चरण में 100 शिक्षको को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

**कौशाम्बी।** निपुण भारत मिशन को धरातल पर उतारने के लिए बी आर सी मंझनपुर में गुरुवार को शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया । उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा की यह प्रशिक्षण बुनियादी शिक्षा तथा संख्या ज्ञान को लेकर जिसमे वर्ष 2026 तक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा एक से तीन तक के सभी बच्चों को शासन द्वारा निर्धारित किए लक्ष्य में निपुण बनाना है।इसमें बच्चों के भाषा तथा गणितीय ज्ञान में दक्ष करना है।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में किसी प्रकार की ढिलाई न बरतें और पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर उसे विद्यालयों में लागू करें। पहले चरण में 100 शिक्षकों को दो बैच बनाकर चार दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र मोहन सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बीएसए का स्वागत किया।इस मौके पर संदर्भदाता ओम दत्त त्रिपाठी, मायापति त्रिपाठी,अतुल प्रकाश प्रजापति, अनूप कुमार कृष्णकांत तिवारी सहित सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## जंगल की तरफ गई बालिका का दूसरे दिन नदी में मिला शव

**अखंड भारत संदेश**

**पूछताछ के लिए थाना पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया**


बालिका की मौत की जानकारी मिलने पर लगी भीड़

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के खपटिहा गांव की एक बालिका अपने चचेरी बहन के साथ गुरुवार की शाम को कैथा खाने की बात कह कर बड़हरी जंगल की ओर गई थी चचेरी बहन तो देर शाम वापस घर लौट आई लेकिन बालिका घर नहीं लौटी परिजन उसे रात भर खोजते रहे लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह बालिका का शव यमुना नदी में तैरता हुआ दिखाई दिया है गोताखोरों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस ने आशंका के आधार पर दो युवकों को हिरासत में ले लिया है जिनसे पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है बालिका की मौत रहस्यपूर्ण है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के खपटिहा गांव निवासी शिवकरण की पुत्री ननकी उम्र लगभग 17 वर्ष बाकरगंज में हाई स्कूल की छात्रा है और वह अपने दादा की लड़की चांदनी के साथ गुरुवार की शाम 4:00 बजे कैथा खाने की बात कहकर घर से बड़हरी के जंगल की ओर गई थी इसी जंगल की ओर उसके परिवार का एक लड़का और गांव का एक लड़का भी दिखाई पड़ा है चांदनी तो देर शाम वापस लौट आई लेकिन ननकी घर वापस नहीं लौट सकी परिजन रात भर उसे खोजते रहे दोनों युवकों के साथ चान्दनी ने भी परिजनों को ननकी के बारे में कोई जानकारी नहीं दिया और यह कहकर परिजनों को गुमराह करते रहे कि जंगल में ननकी कहीं गुम हो गई है शुक्रवार की सुबह गांव के लोग जब शौच क्रिया के लिए जंगल की ओर जा रहे थे तो देखा कि यमुना नदी में ननकी का शव उतरा रहा है इस बात की जानकारी गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई घटना की जानकारी परिजनों को लगी रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही घटनास्थल पर थाना पुलिस भी पहुंच गई और गोताखोरों की मदद से बालिका के शव को यमुना नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका की मौत कैसे हुई है इस पर रहस्य बरकरार है पुलिस ने जंगल में दिखाई पड़े दोनों युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है खबर लिखे जाने तक बालिका की मौत से पर्दा नहीं उठ सका है।

## न्यूज झरोखा

### संदिग्ध व्यक्ति तथा वाहनों की गस्त के दौरान सीओ ने की चेकिंग

**मंझनपुर सीओ के साथ कोतवाल ने किया कस्बे में पैदल गस्त**



**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और जनसामान्य में सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी मंझनपुर और मंझनपुर कोतवाल ने पुलिस बल के साथ गुरुवार की शाम को मंझनपुर कस्बा क्षेत्र में भारी फोर्स के साथ पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों की और संदिग्ध वाहनों की जांच पड़ताल की। पुलिस महानिदेशक के निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी मंझनपुर एवं प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर के साथ चौकी प्रभारी एवं थाना मंझनपुर की पुलिस बल के द्वारा कस्बा मंझनपुर में गुरुवार की शाम को पैदल गस्त करके संदिग्ध व्यक्ति संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की गई गश्त के दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था की चेकिंग की इस मौके पर पुलिस ने कहा कि देर रात में सड़कों पर बेवजह घूमने वाले लोग सड़क पर घूमना बंद कर दे वरना उनकी खैर नहीं होगी पैदल गश्त के दौरान क्षेत्राधिकारी और कोतवाल ने जनमानस में सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया।

### भगवान श्री कृष्ण की छठी पर हजारो लोगो ने भंडारा का प्रसाद किया ग्रहण



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के बिंदा मील के पास भगवान शिव मंदिर में प्रत्येक वर्ष भगवान श्री कृष्ण के छठी के दिन हजारो लोग भंडारा का प्रसाद ग्रहण करते हैं प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री कृष्ण की छठी के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस मौके पर भरवारी के सभी नेता व ब्यापारियो के सहयोग से कार्यक्रम सफल हुआ इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक बेद प्रकाश डैनी प्रेम नारायण कलेक्टर अशोक गुलाटी अविनाश केशरवनी नितुल केशरवानी बबलू केशरवानी विनय केशरवनी के अलावा भरवारी की शान व हर कार्यक्रम में जी जान लगा देने वाले सभी के चहेते राजू गुलाटी पुत्र विजय गुलाटी का अहम योगदान रहा है। भगवान श्री कृष्ण की छठी के अवसर पर विशाल भंडारे के साथ साथ कीर्तन भजन का भी आयोजन कलाकारों द्वारा किया गया कीर्तन भजन के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन का व्याख्यान किया गया इस कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी प्रकाश केशरवानी कमलेश केशरवानी विनोद केशरवनी जगदीश शिवहरे बीरेंद्र केशरी एवम पूर्व विधायक संजय गुप्ता आदि लोगों ने भगवान श्री कृष्ण की छठी का प्रसाद ग्रहण किया।

### सड़क किनारे खड़ी महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिहोरी बाईपास के पास हाईवे पर सड़क किनारे खड़ी एक महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दी है जिससे महिला को गंभीर चोटें आई हैं आनन-फानन में मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है जहां महिला का इलाज चल रहा है जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी महिला संतोष कुमारी उम्र लगभग 40 वर्ष रिश्तेदारी से अपने गांव वापस लौट रही थी वाहन के इंतजार में महिला सिहोरी बाईपास हाईवे पर खड़ी थी इसी बीच तेज गति बाइक चालक ने महिला को टक्कर मार दिया है जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक नम्बर ४स्त्र73 ५ 4296 का चालक महिला को टक्कर मारने के बाद फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

### रामपुर धमावा गांव पहुंची जांच टीम को मिली बड़ी खामियां

**कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के रामपुर धमावा गांव में विकास कार्यों में बड़ी धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री से हुई थी जिस पर आई आर जी एस की टीम जांच करने रामपुर धमावा गांव पहुंची और शिकायतकर्ता रोहित सिंह को मौके पर बुलाया जांच के दौरान विकास कार्यों में जमकर धांधली उजागर हुई है सरकारी धन के दुरुपयोग का खुलासा जांच टीम ने किया है प्राथमिक विद्यालय भाई साहब पर बनाया गया शौचालय की छत में सरिया का प्रयोग मानक के अनुसार नहीं किया गया है जिससे छत धंस गई है जो टाइल्स लगाई गई थी टुकड़े-टुकड़े के रूप में टाइल्स लगाई गई है जांच टीम को गांव में जमकर धांधली मिली है जिससे रामपुर धमावा के पूर्व प्रधान की मुसीबत बढ़ सकती है।

## मानवाधिकार विभाग के प्रदेश महासचिव बने जितेंद्र शर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रदेश महासचिव कांग्रेस बनाए जाने पर जगह जगह पर हुआ जितेंद्र शर्मा का जोरदार स्वागत**

**जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा कि जितेंद्र शर्मा को दायित्व मिलने से कांग्रेस पार्टी होगी मजबूत**


जिला अध्यक्ष के साथ खड़े जितेंद्र शर्मा

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस नेता जितेंद्र शर्मा को मानवाधिकार विभाग का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है इस संबंध में चेयरमैन वीरेंद्र नाथ त्रिपाठी ने पत्र जारी किया है मानवाधिकार के प्रदेश महा सचिव नियुक्त किए जाने पर जितेंद्र शर्मा का कार्यकताओं पदाधिकारियों ने जगह-जगह पर माल्यार्पण कर स्वागत किया है सिराथू विधानसभा के टेढ़ी मोड़ स्थित एक कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित कर जितेंद्र शर्मा को माल्यार्पण कर उनका जोरदार स्वागत किया गया है इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कहा कि जितेंद्र शर्मा को दायित्व मिलने से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी डॉ राजेंद्र मिश्रा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तमजीत जावेद एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजादी मोहम्मद आवे आदि लोगों ने इंटर कॉलेज में स्वागत कर मनोबल बढ़ाया इसके बाद मंझनपुर चौराहा में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां माल्यार्पण कर जितेंद्र शर्मा का जोरदार स्वागत किया गया कार्यक्रम में ज्ञान सिंह लोधी मनोज सिंह लोधी दीपक राजपूत शिवराज कोरी प्रदीप शुक्ला नरेंद्र सिंह परमार मिथुन कुमार राजू लोधी शंकरलाल अंगद सिंह अशफीर्लाल जयकरण छोटू गोपी रैदास दीपक राजपूत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पश्चिम शरीरा अवर अभियंता का नहीं उठता सरकारी नंबर

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा के विद्युत पावर हाउस में तैनात अवर अभियंता के कारनामे से उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने बताया की जेई साहब फोन करने पर एक तो फोन नहीं उठाते और यदि कभी फोन उठा लिया तो जेई साहब से आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिलता। यहां समस्या का आलम यह है कि लोगों को जानकारी भी नहीं है। जिससे बिजली की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने समस्या का समाधान समस्या से अवगत होने के बाद भी नहीं करने पर जेई अकाश सिंह के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। जेई ने बरसात शुरू होने से पहले ना मरम्मत में रुचि दिखाई और ना ही अब विद्युत वितरण को निर्बाध करने में रुचि दिखा रहे है और जेई की इस प्रकार की कार्य शैली के कारण ग्रामीणों को अनायास ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण बरसात के दिनों में सांप बिच्छू का खतरा बड़ ही जाता है तथा इसी समय बिजली की आवश्यकता सर्वाधिक होती है और ऐसे समय पर ग्रामीणों को बिजली की समस्या का सर्वाधिक सामना करना पड़ रहा है।


कार्यक्रम में उपस्थित किसान

### एचडीएफसी बायफ संस्था द्वारा एक दिवसीय कृषि परीक्षण का आयोजन

**कौशाम्बी।** नेवादा विकास क्षेत्र ग्राम रामपुर में एचडीएफसी बायफ संस्था द्वारा एक दिवसीय कृषि परीक्षण का आयोजन किया गया जिसमें किसानों को मृदा का नमूना कैसे किया जाए वह उसका लाभ दिया जाय और उर्वरकों का प्रयोग किया जाए ताकि मृदा का मौलिक संरचना संरक्षित रहे मचान विधि से सब्जियों का उत्पादन तथा किसानों की कृषि संबंधी विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया ऊपर जानकारी (डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह) वैज्ञानिक आर्टिकल्चर कृषि विज्ञान केंद्र महगांव कौशांबी ने दी बता दें कि कार्यक्रम में विभिन्न कृषि संबंधित समस्याओं से सामान्य स्थापित करके शासन की योजनाओं का भी लाभ ले इस अवसर पर समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के बारे में वहां उपस्थित किसानों को (मनीष तिवारी) कृषि अधिकारी ने परियोजना के बारे में वहां उपस्थित किसानों को अवगत कराया और उन्हें समय-समय पर उनकी मांग के अनुसार प्रशिक्षित करने के लिए गोष्टी भी रखने का विचार रखा इस अवसर पर बायफ संस्था के ग्रामीण कमल किशोर यादव राजेंद्र कुमार यादव वा अभिषेक कुमार यादव ग्राम वासी एवं उपस्थित रहे।

# आइब्रो बढ़ाने में मदद करेगा एलोवेरा, इन 5 तरीकों से करें इस्तेमाल




हम में से कई लोगों ने कभी न कभी एलोवेरा का इस्तेमाल स्किन पर किया ही होगा. एलोवेरा स्किन से सनबर्न की परेशानियों को दूर करने के साथ-साथ कई समस्याओं से छुटकारा दिला सकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपकी आइब्रो से जुड़ी परेशानियों को कम करने में भी प्रभावी है? जी हां, एलोवेरा झड़ते और कमजोर आइब्रो की परेशानी को कम करके इसकी ग्रोथ को बढ़ाने में आपकी मदद कर सकता है। इसके अलावा एलोवेरा आइब्रो से कई अन्य परेशानियों को कम करने में प्रभावी है। आइए जानते हैं एलोवेरा से किस तरह आइब्रो बढ़ा सकते हैं, साथ ही इसका इस्तेमाल किस तरह किया जा सकता है?

**आइब्रो के लिए कैसे फायदेमंद है एलोवेरा ?**

एलोवेरा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-ऑक्सीडेंट्स जैसे कई गुण होते हैं, जो स्किन और बालों को सुरक्षित रखने में प्रभावी माने जाते हैं। इन्हीं गुणों की वजह से आइब्रो झड़ने की परेशानी को कम किया जा सकता है। साथ ही आइब्रो की इससे ग्रोथ भी अच्छी होती है। नियमित रूप से एलोवेरा जेल आइब्रो पर लगाने से आइब्रो को घना और मोटा कर सकता हैं। आइए जानते हैं आइब्रो पर कैसे लगाएं एलोवेरा?

**1. एलोवेरा जेल**

एलोवेरा जेल को आइब्रो पर लगाने के लिए सबसे पहले एवोवेरा की पत्तियां लें। अब इसमें कट लगाकर इससे जेल निकाल लें। इसके बाद मस्कारा ब्रश से आइब्रो को क्लीन कर लें। अब इसी ब्रश की मदद से एलोवेरा जेल को आइब्रो पर लगाकर करीब 30 मिनट के लिए छोड़ दें। आप चाहे तो इसे पूरी रात के लिए भी आइब्रो पर लगाकर छोड़ सकते हैं। इसके बाद गर्म पानी से इसे साफ कर लें। इसके अलावा कुछ चीजों को एलोवेरा में एड करके भी आइब्रो पर लगाया जा सकता है। जैसे-

**2. एलोवेरा और कैस्टर ऑयल**

एलोवेरा और कैस्टर ऑयल से आइब्रो की ग्रोथ को बेहतर कर सकते हैं। इसके लिए 3 टीस्पून कैस्टर ऑयल लें। इसमें 1 टेबलस्पून एलोवेरा जेल डालें। अब दोनों चीजों को अच्छे से मिक्स करके इसे अपने आइब्रो पर लगाएं। यह मिश्रण आइब्रो के बालों की ग्रोथ को अच्छा कर सकता है।

**3. एलोवेरा और नींबू**

आइब्रो पर डैंड्रफ की परेशानी होने पर एलोवेरा जेल और नींबू का रस फायदेमंद हो सकता है। इस मिश्रण को आइब्रो पर लगाकर छोड़ दें। बाद में गर्म पानी से इसे धो लें। कुछ सप्ताह तक इस मिश्रण को लगाने से आइब्रो पर होने वाले डैंड्रफ की परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं।

**4. एलोवेरा और नारियल तेल**

एलोवेरा और नारियल तेल का मिश्रण आइब्रो की ग्रोथ को अच्छा कर सकता है। इसके लिए 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच नारियल का तेल मिक्स कर लें। इसके बाद इसे आइब्रो पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। करीब 30 से 40 मिनट बाद इसे गर्म पानी से धो लें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

**5. एलोवेरा और टी ट्री ऑयल**

एलोवेरा के साथ टी ट्री ऑयल का मिश्रण आइब्रो की समस्याओं से राहत दिला सकता है। यह मिश्रण भौहों की ग्रोथ को बढ़ाता है। साथ बी डैंड्रफ से भी राहत दिला सकता है।

# उपनिवेशवादी विरोधाभासों से जूझने का वक्त




स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले 25 वर्षों में भारत को गतिशील बनाने और समग्र रूप से आगे ले जाने के लिए देशवासियों से पांच प्रण करने का आह्वान किया। इन पांच प्रण में दूसरा है = 'हमारे पूरे वजूद के किसी भी हिस्से में, यहां तक कि मानस के सबसे गहरे कोने या किसी आदत में, किसी की गुलामी की रत्तीभर भी गुंजाइश न रहे। यदि ऐसा कोई विचार हो भी तो अंकुरित होने से पहले नेस्तनाबूद कर दिया जाए। अब पिछली कई शताब्दियों में रही गुलामी ने हमें बांधकर रखा, हमारे रीति-रिवाज बंधे रहे, हमारे अंदर विकृत विचार पैदा कर दिए। हमें इस किस्म की मानसिकता से आजाद होना है, चाहे हमारे भीतर हो या फिर आसपास'। मोदी जी के कहे में, इस मूल धारणा पर कोई किंतु-परंतु नहीं हो सकता कि भारतीयों को अन्य लोगों की नकल करने की बजाय अपनी सभ्यता और सांस्कृतिक रिवायतों पर गर्व होना चाहिए।इस दूसरे प्रण को मूर्त रूप में उतारने के लिए मोदीजी ने कुछ उपाय भी सुझाए हैं, जिनका सार कुछ यूं है : 'किसी भी परिस्थिति में, हमें औरों जैसा दिखने का प्रयत्न नहीं करना चाहिए। हमें अपने मानक खुद तय करने होंगे। भारतीय प्रतिभा किसी विदेशी भाषा की जंज़ीरों में न बंधने पाए। भारतीयों को अपनी भाषा पर गर्व हो, भारतीय अपनी क्षमता पर निर्भर रहें और उपनिवेशवाद युग वाली मानसिकता तज दें। भारतीयों को अपनी विरासत पर गर्व हो'।पुनः देखा जाए तो, भले ही इन कुछ नुस्खों में और अधिक स्पष्टता की जरूरत है तथापि सैद्धांतिक रूप से यह कोई गैर-अपवाद नहीं है। उदाहरणार्थ, जब यह कहा जाता है कि हमें औरों जैसा दिखने का यत्न नहीं करना चाहिए तो इसका क्या अर्थ है? विदेशी, खासकर गोरे, उनकी शारीरिक बनावट के मानकों को हम अपने लिए आदर्श की तरह न लें, तो यह बात ठीक है, विशेषकर उनकी त्वचा का रंग। हमारी अपनी रिवायतों पर जोर देना चाहिए, मिसाल के लिए, सामाजिक तहजीब का पालन, यह सुझाव भी एकदम सही है। पर, इतना कहने के बाद, क्या प्रधानमंत्री की सलाह परिधान पर भी लागू होती है?रिवायतें और वेश-भूषा को लेकर बने नियम क्रमिक विकास से संबंधित होते हैं। भारत की कुछ वर्तमान परिधान रिवायतों में हमें साफ तौर पर स्वदेशी उत्पति दिखाई देती है। हां, हो सकता है कि कुछ का उद्गम पश्चिमी देशों में हो परंतु समय के साथ वह परिधान भारतीयों ने अपना लिया। इस चलन की शुरुआत शायद औपनिवेशिक काल में हुई हो, किंतु पिछले 75 वर्षों में भी यह जारी है। कदाचित, प्रधानमंत्री भविष्य में इस विषय में अपनी सोच जाहिर करें। यह महत्वपूर्ण है उनके कुछ मंत्रियों के लिए, जो कई अवसरों पर लाऊंज सूट पहने और फैशनेबल टाई बांधे दिखाई देते हैं, खासकर जब विदेशों में हों। और इस संदर्भ में, गौरतलब है कि अंबेडकर के बुतों में अक्सर उन्हें सूट-टाई पहने और हाथ में संविधान की प्रति थामे दिखाया गया है। वे उन महान भारतीयों में एक थे जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी उस समाज के उत्थान और सशक्तीकरण करने में लगाई जिसने हजारों सालों तक बहुत सहा है।

ज्यादा गहराई में उतरें तो पता चलता है, उपनिवेशवादी शासकों द्वारा भारतीयों की वेशभूषा को पश्चिमी लोगों जैसी बनाने का यत्न निम्न दर्जा प्रतिकृति बनकर रह गया। वर्ष 1835 में मैकाले का वह कुख्यात उद्धरण, जिसमें वह अरबी और संस्कृत माध्यम में शिक्षा देने वाले संस्थानों के वास्ते ईस्ट इंडिया कंपनी की तत्कालीन सहायता नीतियों में बदलाव लाना चाहता था और इनके लिए रखे धन को अंग्रेजी माध्यम के शिक्षा संस्थानों की ओर मोड़ने की सलाह देता था। कट्टर उपनिवेशवादी सोच रखने वाला मैकाले भारतीय संस्कृति को दोयम समझता था। रोचक है कि अपने विवरणों में उसने यह भी लिखा है कि ऐसे भी भारतीय हैं, जिन्होंने गहन शिक्षा प्राप्त की है और धारा प्रवाह इंग्लिश बोल लेते हैं। वह इस वर्ग को विस्तार देना चाहता था और लिखा ='हमें फिलहाल वह वर्ग बनाने के लिए हरचंद कोशिशें करनी होंगी जो हमारे और उन करोड़ों लोगों के बीच दुभाषिए का काम करे, जिनपर हमने शासन करना है, ऐसा वर्ग जिसका खून और रंग भले ही भारतीय हो लेकिन पंसद, सोच, नैतिकता एवं बुद्धिमत्ता अंग्रेजों जैसी हो'।क्या मैकाले वास्तव में अपना यह उद्देश्य पा सका? वास्तव में, यहां गौरतलब है कि जरूरी नहीं जिन्होंने अंग्रेजी का ज्ञान पाया, उन सबने अपनी भारतीयता गंवाई हो, गोकि उनकी जीवनशैली की कुछ पसंद-नापसंदों पर अंग्रेजों की छाप जरूर पड़ी। सच्चाई तो यह है कि इसी वर्ग के कुछ व्यक्ति कट्टर राष्ट्रवादी बने और भारत के राजनीतिक पुनरुत्थान में योगदान दिया, वे भारत की ऐतिहासिक विरासत की खोई आभा फिर से खोजने में मददगार रहे, उन्होंने भारतीय समाज को समानता और सामाजिक न्याय के नजरिए से बदलना चाहा। यह विचार रखना ठीक नहीं कि यह वर्ग, जैसे-जैसे बढ़ता गया, कुछ भी हो मूल भारतीयों जैसा नहीं था, क्योंकि इसने कभी अपनी भारतीय जड़ें नहीं खोईं।

मोदी उस वक्त ठीक हैं जब कहते हैं कि भारतीयों को अपनी तमाम भाषाओं पर गर्व होना चाहिए। इन सभी की विरासत बहुत समृद्ध है और आज भी है, और ये भारतीयों को स्वयं को व्यक्त करने का सशक्त माध्यम हैं। मोदी जी तब भी सही हैं जब कहते हैं कि भारतीयों के अपने मानक होने चाहिए। जैसा कि उन्होंने कहा = 'भाइयो, कब तक हम अपनी योग्यता का प्रमाणपत्र शेष दुनिया से लेते रहेंगे? कब तक हम दूसरों द्वारा दिए प्रमाणपत्रों पर जीते रहें? क्या हम खुद के मानक नहीं तय कर सकते?' हमें करना होगा, किंतु तथ्य यह है कि मानक विकसित मुल्क तय करते हैं और हम उनका अनुपालन। यह सच्चाई ज्ञान के क्षेत्र में खासतौर पर स्पष्ट दिखाई देती है, इसमें भी विज्ञान एवं तकनीक के विषयों में। यहां पर हमें खुद से यह सवाल पूछना चाहिए = विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भारत की कारगुजारी वास्तव में क्या है? बेशक बहुत से भारतीयों ने इन क्षेत्रों में नाम कमाया है, किंतु अधिकांश ने भारत में रहते हुए नहीं। हमें तेजी से आगे बढ़ना होगा और उन तमाम महिमाओं को याद करते रहना कि कभी हमारे पूर्वजों ने भी गणित, विज्ञान और चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की थीं, यह गर्वोक्ति हमारे लिए क्षणिक प्रेरणास्पद हो सकती है, लेकिन इससे परे, इस राह पर आगे बढ़ने में मददगार नहीं। हमें नूतन ज्ञान पाना होगा, स्रोत कुछ भी हो, भारत के भीतर इस पर और आगे काम हो। क्या इस किस्म की राह को दासता-मानसिकता का बचा-खुचा अंश ठहराया जाएगा?अगले 25 सालों में, भारतीयों को हमारे कुछ संस्थानों में आज भी जारी उपनिवेशवादी विरोधाभासी रीतियों से जूझना होगा। हम सबको अपनी सेना की व्यावसायिकता और शौर्य पर गर्व है। उन्होंने बारम्बार अपनी देशभक्ति का प्रदर्शन किया है। लेकिन क्याहम, एक ही समय में, मंगल पांडे की स्मृति को सम्मान देना और ठीक इसी समय कुछ सैन्य इकाइयों में ब्रिटिश रिवायतें कायम रहने पर संतोष पा सकते हैं? आखिरकार भारतीय गणतंत्र की महान सेना ब्रिटिश-

## सम्पादकीय

# कटुता के बोल

अभी नूपुर शर्मा के आपत्तिजनक बोलों से पैदा हुआ विवाद थमा नहीं था कि भाजपा के तेलंगाना विधायक टी. राजा सिंह की संप्रदाय विशेष के आराध्य पर की गई तीखी टिप्पणी ने नये विवाद को और हवा दे दी। पार्टी ने आनन-फानन में राजा को निलंबित कर दिया। उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज हुई, गिरफ्तारी भी हुई और उसी तरह जमानत भी मिल गई। हैदराबाद के गोशामहल सीट के विधायक राजा अक्सर विवादित बयानों को लेकर चर्चाओं में रहे हैं और उनकी छवि भाजपा के फायरब्रांड नेता के रूप में रही है। जिस वीडियो के वायरल होने के बाद यह बखेड़ा सामने आया उसमें वे विवादित टिप्पणी करने वाले कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करते दिखे। बहरहाल, भाजपा ने आनन-फानन में विधायक के निलंबन से यह जताने की कोशिश की कि ऐसी विवादित टिप्पणियों को पार्टी का समर्थन नहीं है और पार्टी नेताओं को इससे बचना चाहिए। लेकिन सवाल उठना स्वाभाविक है कि विगत में पार्टी के नेता और प्रवक्ता बयानबाजी में मर्यादा को लांघते नजर आते रहे हैं, उनके खिलाफ पार्टी ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की गयी। क्यों ऐसे नेता पार्टी संगठन में तरक्की करते रहे हैं? क्या राजा के खिलाफ हुई कार्रवाई को नूपुर शर्मा के विवादित बोल के बाद मध्यपूर्व के देशों में हुई तल्ख प्रतिक्रिया से सबक लेकर तुरत-फुरत अंजाम दिया गया? दुनिया के कई देशों में विरोध के बाद सरकार ने नूपुर शर्मा के बयान से खुद को अलग कर लिया था और इसे शरारती तत्वों की हरकत बताया था। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में भारत के सऊदी अरब, यूएई जैसे कई मुस्लिम राष्ट्रों से कारोबारी रिश्ते गहरे हुए हैं और बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग वहां काम-धंधे करते हैं। ऐसे में इस्लामिक देशों के तीखे तेवर देखकर भारत सरकार ने न केवल नूपुर शर्मा के खिलाफ कार्रवाई की बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं को यह संकेत दिया कि लक्ष्मण रेखा से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। गये तो कार्रवाई होगी।

बहरहाल, राजा की विवादित टिप्पणी ने विगत में सामाजिक समरसता को पलीता लगाने वाले मुद्दों को उजागर कर दिया। जो गाहे-बगाहे गौ रक्षा और लव जेहाद जैसे मुद्दों को उठाकर विविधता की संस्कृति को पलीता लगाते रहे हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित होना जरूरी है कि कोई भी अभिव्यक्ति कानून व संवैधानिक मूल्यों के दायरे में ही हो। भारत एक विविधताओं का देश है। सदियों से तमाम संस्कृतियां व धर्म यहां फले-फूले हैं, जिसमें देश की एकता निहित है। जिसकी कल्पना एक बड़े वर्ग को हाशिये पर रखकर नहीं की जा सकती। ऐसे में धर्म व विचारधारा के नाम पर कटुता फैलाने की अनुमति कदापि नहीं दी जा सकती क्योंकि इसका असर देश के सहज विकास व कानून व्यवस्था पर ही नहीं बल्कि भारत के वैश्विक संबंधों पर भी पड़ता है। उन देशों से रिश्तों पर भी जो आज भारत की ऊर्जा जरूरतों के अगु?वा हैं और जहां लाखों भारतीय बेहतर भविष्य के लिये कार्यरत हैं। आज पूरी दुनिया उस मुकाम पर है जहां सभी धर्मों के सम्मान व सांस्कृतिक सहिष्णुता के साथ ही विकास की राह तय की जा सकती है। सवाल यह भी है कि विषवमन करने वाले ऐसे बयानवीरों के जरिये क्या हम अमृत काल के लक्ष्य हासिल कर सकते हैं? क्या समाज के बड़े तबके को अलग-थलग करके व उनकी आस्था से खिलवाड़ करके हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह में आगे बढ़ सकते हैं? हमें अपनी सर्वधर्म समभाव की विरासत को और समृद्ध करना है जो कि भारत की विशिष्ट पहचान भी रही है। आज भारत में वे धर्म भी फल-फूल रहे हैं जिनकी शेष दुनिया में जड़ें बाकी नहीं हैं।

निस्संदेह, देश की विविधता की संस्कृति हमारे समावेशी दृष्टिकोण से ही समृद्ध हो सकती है जिसके लिये हमें टकराव व नफरत की राजनीति से परहेज करना होगा। एक जागरूक नागरिक बनकर हमें देश के सौहार्द के वातावरण को पलीता लगाने वाले तत्वों को अलग-थलग करना होगा। प्रगतिशील वर्ग व बुद्धिजीवियों को इस दिशा में पहल करनी होगी।

# नज़रिया बदलने से बनेंगे विश्वास के रिश्ते

समाज में पितृसत्ता का इतिहास करीब उतना ही पुराना है, जितना धरती पर जीवन। ऐसे में 15 अगस्त को भले ही आज़ादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए अपने संबोधन में नारी के सम्मान की अपील की! लेकिन, वास्तविकता यही है कि नारी जाति की हर पल परीक्षा होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से कहा कि नारी का गौरव, राष्ट्र के सपने को पूरा करने में बहुत बड़ी पूंजी बनने वाला है। हम जितने अवसर हमारी बेटियों को देंगे, जितनी सुविधाएं देंगे, वे हमें बहुत कुछ लौटा कर देंगी।दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के नेता महिलाओं और लड़कियों के लिए अपशब्द बोलने से बाज़ नहीं आते। अभी बीते दिनों ही भाजपा के फायर ब्रांड नेता कैलाश विजयवर्गीय ने बिहार में सत्ता परिवर्तन पर कमेंट करते हुए कहा कि अमेरिका में लड़कियां जैसे ब्वायफ्रेंड बदलती हैं, वही हाल बिहार के मुख्यमंत्री का है। आख़िर राजनीति की बात में भी लड़कियों या महिलाओं के चरित्र पर सवाल खड़े करने का क्या औचित्य! मान लिया कि उन्होंने भारतीय लड़कियों का उदाहरण नहीं दिया, लेकिनअमेरिका की लड़की का भी तो एक सेल्फ रिस्पेक्ट है।यहां एक प्रसंग याद आता है, यह बात साल 1536 की है। ब्रिटेन के शाही महल में अफरातफरी मची हुई थी। दासियां रो रही थीं, लेकिन इतने ही जोर से कि किसी पुरुष दास तक आवाज न पहुंचे। सैनिक मुस्तैदी से यहां-वहां घूमते हुए इस बात से पर्दा उठाने में लगे हुए थे कि कहीं किसी स्त्री के चेहरे पर दर्द के निशान तो नहीं और अगर ऐसा पाया जाता है, तो उसे भी दोषी से मिला हुआ माना जाएगा और मौत की सजा दी जाएगी। दरअसल, यह एक रानी को मिली सजा का दिन था। रानी एने बोलिन को सजा-ए-मौत दी गई थी और रानी का जुर्म सिर्फ इतना था कि उनके पति यानी राजा हेनरी (अष्टम) को उनके चरित्र पर शक था। वैसे यह वही राजा था, जिसे प्रेमिकाएं रखने का शौक था और साक्ष्य बताते हैं कि वह वेश्याओं में भी रुचि रखता था। लेकिन, उसे तो अपनी पत्नी पर शक था। इसी शंका में उसने रानी का सिर कलम करने की सजा सुना दी।

रानी एने बोलिन पर लंबा शोध कर चुकी ब्रिटिश इतिहासकार क्लेअर रिज्वे के मुताबिक, मरने से पहले एने बोलिन ने गिड़गिड़ाने या रहम मांगने के बजाय अलविदा भाषण दिया था और सिर झुकाकर खड़ी हो गईं। कहते हैं कि उस समय रानी के आखिरी शब्द थे 'प्यारी जनता! मैं यहां मरने आई हूं, क्योंकि अपने पति की नजरों में गुनहगार हूं। मुझे माफी नहीं चाहिए। मैं मौत में ज्यादा इज्जत देखती हूं।




दुआ करूंगी कि राजा का शासन लंबा चले।' सोचिए एक स्त्री ने आज से लगभग पांच सौ बरस पहले मौत से ज्यादा अपनी और अपने परिवार की इज्जत को अहमियत दी और पति के भले के लिए कामना करते हुए मौत के सामने खड़ी होने पर भी नहीं झिझकी!बीते दिनों छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक पति ने अपनी पत्नी के गले पर कांच मारकर हत्या कर दी! उसे भी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था। हाल ही में हरियाणा के कैथल में एक पति ने अपनी बीवी को चाकू से गोद दिया, क्योंकि उसे उसके चाल-चलन पर शक था।

ऐसे में देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसी अनगिनत दास्तां देखने को मिल जाएंगी। जहां सिर्फ नाम और चेहरे बदल जाते हैं, लेकिन वजह एक ही रहती है। स्त्री पर शक और इसी शक की वज़ह से कई महिलाओं को अपनी जान की बाजी भी लगानी पड़ती है।एक अमेरिकी जर्नल के सोशल सर्वे के मुताबिक, रिश्तों के मामले में महिलाएं, पुरुषों से कहीं ज्यादा भरोसेमंद होती हैं। लेकिन, हर बार सवाल सिर्फ़ महिलाओं को लेकर खड़ा किया जाता है।

## खिलाड़ियों में दिखा उत्साह, सहारनपुर के दिग्विजय ने लखनऊ के पवन को दी मात

**लखनऊ।** प्रदेश स्तरीय अंडर-15 और 17 बैडमिंटन चार दिवसीय टूर्नामेंट की शुरुआत हो गयी। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में आयोजित इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से आये खिलाड़ियों जमकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले दिन प्रथम राउंड की 97 प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें सहारनपुर के दिग्विजय सिंह ने लखनऊ के पवन को 30-9 से मात दी।



वहीं लखनऊ के सत्यम यादव ने इटावा के अनुराग तिवारी को कड़ी टक्कर में हरा दिया। पहले दिन हुई प्रतियोगिताओं में लखनऊ के सत्यम और इटावा के अनुराग के बीच अंत तक कड़ी टक्कर चलती रही। कई बार अनुराग आगे तो फिर सत्यम, लेकिन अंत तक में सत्यम ने 30-28 से बाजी मार ली। वहीं महाराजगंज के विष्णु यादव ने कानपुर के यूसुफ को 30-24 से हराया। प्रयागराज के प्रशांत किशोर ने लखनऊ के अक्षय पांडेय को 30-17 से मात दी, जबकि लखनऊ के ही आभाश श्रीवास्तव ने लखनऊ के ही युवराज सिंह को 30-24 से हराकर आगे के लिए जगह बना ली। बरेली के सौर्या ने श्रावस्ती के रूद्र प्रताप को 30-17 से हराया। गाजीपुर के अभिषेक यादव ने झांसी के अभिजीत सिंह को 30-27 से मात दी। वहीं अयोध्या के अभिनव वर्मा ने कानपुर के प्राग्नय भाटिया को 30-13 से हराया।

## यूएस ओपन में भी नहीं दिखेंगे नोवाक जोकोविच

**नई दिल्ली।** दुनिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ियों की फेहरिस्त में शुमार 21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच इस साल यूएस ओपन में नहीं दिखेंगे। कोरोना वैक्सीन न लेने की जिद पर अड़े जोकोविच ने साल के चौथे ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन से खुद के अलग होने की पुष्टि गुरूवार को कर दी। उन्होंने कहा- निराशाजनक, मैं इस बार यूएस ओपन के लिए न्यूयार्क की यात्रा नहीं कर पाऊंगा। धन्यवाद। मेरे साथी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं।



मैं सकारात्मक भाव से रहूंगा और फिर से प्रतिस्पर्धा करने के अवसर की प्रतीक्षा करूंगा। जल्द ही मिलते हैं टेनिस की दुनिया में। गौरतलब है कि कोरोना वैक्सीन नहीं लगवाने की जिद के चलते जोकोविच को इस साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन में खेलने से मना कर दिया गया था।

## प्रेस वार्ता में शुभमन गिल की जर्सी लेकर पहुंचा जिमबाब्वे का यह क्रिकेटर

**हरारे।** हरारे के मैदान पर बीते दिनों भारतीय टीम ने जिमबाब्वे को तीसरे वनडे में हराकर सीरीज क्लीन स्विप की थी। उक्त मैच में भारतीय युवा बल्लेबाज शुभमन गिल शतक लगाने में सफल रहे थे। गिल ने महज 97 गेंदें खेलकर 130 रन जड़े थे। वह अपने प्रदर्शन के कारण मैन ऑफ द मैच और प्लेयर आफ द सीरीज भी बने। मैच खत्म होने के बाद जब प्रेस वार्ता हुई तो उसमें जिमबाब्वे का क्रिकेटर ब्रैड एवंस शुभमन गिल की जर्सी लेकर पहुंच गए। प्रशंसक जब हैरान हुए तो एवंस ने कहा कि वह शुभमन की बल्लेबाजी देखकर बहुत खुश हैं।



इसलिए उन्होंने स्टार भारतीय बल्लेबाज से उनकी टीशर्ट मांग ली। एवंस ने प्रेस वार्ता में सभी को टीशर्ट दिखाते हुए कहा कि मैं शुरू से ही शुभमन गिल का प्रशंसक रहा हूं। मैंने उन्हें पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और फिर गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए देखा। वह शानदार है। गिल ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबले की दूसरी पारी में 91* रन बनाए थे, एवंस ने उस पारी को भी याद किया। सीरीज में शुभमन की बल्लेबाज पर ब्रैड एवंस ने कहा कि- हां निश्चित रूप से, गिल ने सीरीज का रिजल्ट डिसाइड करने में अहम भूमिका निभाई है। मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। यही वजह है मुझे उनकी टी-शर्ट मिल गई और अब मैं उनके खिलाफ खेल रहा हूं। शुभमन गिल वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं। आप पहले मुकाबले से उनके बारे में बता सकते हैं।

# एशिया कप 2022: अपने नाम एक और शतक जोड़ने को तैयार विराट कोहली

**नई दिल्ली।** रविवार को दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की नजरें एशिया कप में होने वाले दो चिर-प्रतिद्वन्दियों, भारत-पाक के बीच होने वाले मुकाबले पर होगी। वहीं इस मैच से पहले सबसे अधिक चर्चा, भारत के स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली के फॉर्म को लेकर हो रही है। पिछले लम्बे समय से आउट ऑफ़ फॉर्म चल रहे किंग कोहली के लिए धुरविरोधी पाकिस्तान के सामने अपने फॉर्म को वापस लाने का चैलेंज भी होगा। एक ख़ास बात यह भी है कि पाकिस्तान के खिलाफ कोहली अपना 100वां टी-20 मुकाबला भी खेलेंगे। ऐसे में फैंस उनके बल्ले से शतक की उम्मीद भी कर रहे हैं।

स्टार स्पोर्ट्स ने अपने आधिकारिक कू हैंडल से कोहली के 100वें टी-20 मैच से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 11 जून 2013 को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए उनके 100वें एकदिनी के साथ 4 मार्च 2022 को मोहाली में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए 100वें टेस्ट मैच का जिक्र किया गया है। वहीं, अब उनके नाम के साथ एक और शतक जुड़ने जा रहा है।

स्टार स्पोर्ट्स ने पोस्ट के साथ लिखा, 'अपने नाम के साथ एक और 100 जोड़ने को तैयार हैं किंग कोहली'!




वहीं, कोहली ने भी स्टार स्पोर्ट्स के पोस्ट को अपने आधिकारिक कू एप से साझा किया है। गौरतलब है कि हाल ही में अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने भी पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। राशिद ने कहा है कि आईपीएल के 15वें सीजन के दौरान नेट्स पर कोहली की बल्लेबाजी देख उनके पसीने छूटने लगे थे। उन्होंने यह बयान एशिया कप के लिए दुबई पहुंचने के बाद दिया है।

बता दें कि एशिया कप का आगाज 27 अगस्त से होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट के लिए भारत और अफगानिस्तान को अलग-अलग ग्रुप में रखा गया है। वहीं, भारत का पहला मुकाबला 28 अगस्त को पाकिस्तान के साथ होना है। एशिया कप में भारतीय टीम की कमान, रोहित शर्मा के हाथों में हैं। विशषज्ञों के मुताबिक भारत और पाकिस्तान का सुपर 4 में पहुंचना तय है। जहां दोनों टीमों की एक बार फिर भिड़ंत होगी। सुपर 4 में सभी चार टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी और इस दौरान टॉप 2 में रहने वाली दो टीमें, 11 सितंबर को फाइनल मुकाबले में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप से बाहर हुईं साइना नेहवाल, प्री क्वार्टरफाइनल में ओंगबामरुंगफान ने हराया

**टोक्यो।** भारत की अनुभवी महिला बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल का बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अभियान समाप्त हो गया है। साइना को गुरूवार को खेले गए के प्री क्वार्टर फाइनल में थाइलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। ओंगबामरुंगफान ने आज खेले गए महिला एकल वर्ग के प्री क्वार्टरफाइनल में साइना को 21-17, 16-21, 21-14 से हराया।



विश्व की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नेहवाल ने मंगलवार को हांगकांग की चेउंग नगन यी को सीधे सेटों में हराकर अपने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत की थी। इसके बाद लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना ने दूसरे दौर की प्रतिद्वंद्वी नोजोमी ओकुहारा के चोटिल होने के बाद टूर्नामेंट से हटने के कारण अंतिम 16 के दौर में प्रवेश किया था। इससे पहले पुरूष युगल वर्ग में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की थी। आज दिन के पहले पुरुष युगल मुकाबले में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने केएच लोह और एच टेरी की सिंगापुर की जोड़ी को 18-21, 21-15 और 21-16 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया था। वहीं एक अन्य मैच में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी की भारतीय जोड़ी ने डेनमार्क के जे. बेय और एल. मोल्हेडे की जोड़ी को सीधे सेटों में 21-12 और 21-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला केवल 35 मिनट तक चला।

## अबू धाबी टी–10: बांग्ला टाइगर्स के कप्तान बने शाकिब अल हसन

**दुबई।** बांग्लादेश के अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी शाकिब अल हसन नवंबर 2022 में होने वाले अबू धाबी टी 10 क्रिकेट लीग में बांग्ला टाइगर्स के कप्तान होंगे। बांग्ला टाइगर्स की टीम में शाकिब के अलावा वेस्टइंडीज के बल्लेबाज एल्विन लुईस, न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो, पाकिस्तानी गेंदबाज मोहम्मद आमिर और श्रीलंका के मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। साथ ही पूर्व भारतीय क्रिकेटर एस. श्रीसंत बतौर मेंटर इस साल टीम में शामिल हुए हैं।

पिछले साल के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर आई टीम ने आफताब अहमद को मुख्य कोच, रिचर्ड स्टोनियर को प्रशिक्षक, नजमुल आबेदीन फहीम को सहायक कोच और मेंटर के रूप में नियुक्त किया है। टीम के अधिकारियों के अनुसार, नंबर एक रैंकिंग वाले ऑलराउंडर और बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम के कप्तान को शामिल करना एक रोमांचक विकास है और इसे टीम को मजबूत और प्रेरित करने के लिए बनाया गया है। फ्रेंचाइजी के



मालिक मोहम्मद यासीन चौधरी ने कहा, 'शाकिब बांग्लादेश क्रिकेट के शानदार एंबेसडर हैं। हम पहले दिन से ही उन्हें टीम में शामिल करने के इच्छुक थे, लेकिन राष्ट्रीय टीम के व्यस्त कार्यक्रम के कारण हम उन्हें नहीं जोड़ पाए थे। वह एक गतिशील, अनुभवी, समर्पित, भावुक और प्रेरित खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक प्रेरणादायक कप्तान भी हैं, जो निस्संदेह सामने से टीम का नेतृत्व करेंगे।' चौधरी ने कहा, ÷इस साल टीम में उनका शामिल होना अबू धाबी टी10 के महत्व को दिखाता है।

अधिक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में शामिल हो रहे हैं, जो केवल उत्साह को बढ़ाता है और स्थानीय खिलाड़ियों को देखने और सीखने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है।'

## न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रियांक पांचाल करेंगे भारत 'ए' ही अगुवाई

**नई दिल्ली।** गुजरात के सलामी बल्लेबाज प्रियांक पांचाल को न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ इस महीने के आखिर में शुरू हो रहे तीन 4 दिवसीय मैचों के लिए 16 सदस्यीय भारत 'ए' टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। पांचाल के अलावा टीम में रुतुराज गायकवाड़, कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं। तेज गेंदबाज उमरान मलिक को भी टीम में शामिल किया गया है।

चयनकर्ताओं ने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर भी गौर किया है तथा बंगाल के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन, मध्यप्रदेश को रणजी ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले रजत पाटीदार और मुंबई के सरफराज खान जैसे खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है। टीम में युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा, मध्यम गति के गेंदबाज मुकेश कुमार और यश दयाल जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट नहीं खेला है।

बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहले और तीसरेचार दिवसीय मैच की मेजबानी करेगा जबकि दूसरा मैच हुबली के राजनगर स्टेडियम में खेला जाएगा। चेन्नई का एम ए चिदंबरम स्टेडियम तीनों एकदिवसीय मैच की मेजबानी करेगा। एकदिवसीय मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।


**भारत 'ए' टीम :** प्रियांक पांचाल (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, केएस भरत (विकेटकीपर), उपेंद्र यादव (विकेटकीपर), कुलदीप यादव, सौरभ कुमार, राहुल चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, उमरान मलिक, मुकेश कुमार, यश दयाल, अर्जन नागवासवाला।

## प्रो कबड्डी सीजन 9 की शुरूआत 7 अक्टूबर, लीग चरण का आयोजन बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में

**नई दिल्ली।** वीवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 की शुरूआत 7 अक्टूबर 2022 से होगी और दिसंबर के मध्य तक चलेगी। लीग चरण का आयोजन बेंगलुरु, पुणे और हैदराबाद में किया जाएगा।

इस अवसर पर अनुपम गोस्वामी (हेड - स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स एंड लीग कमिश्नर, वीवो प्रो कबड्डी लीग) ने कहा, 'मशाल स्पोर्ट्स ने कबड्डी के स्वदेशी खेल को बढ़ावा देने और खेल प्रशंसकों की समकालीन और आने वाली पीढ़ियों के बीच इस खेल को पहुंचाने के उद्देश्य से विवो प्रो कबड्डी लीग की यात्रा शुरू की। हमने इस लक्ष्य में प्रभावशाली सफलता हासिल करना जारी रखा है।'

उन्होंने कहा, 'अब, हम




**'मशाल स्पोर्ट्स ने कबड्डी के स्वदेशी खेल को बढ़ावा देने और खेल प्रशंसकों की समकालीन और आने वाली पीढ़ियों के बीच इस खेल को पहुंचाने के उद्देश्य से विवो प्रो कबड्डी लीग की यात्रा शुरू की। हमने इस लक्ष्य में प्रभावशाली सफलता हासिल करना जारी रखा है।'**

आगामी वीवो पीकेएल सीजन 9 को लेकर और भी अधिक उत्साहित हैं क्योंकि हमारे प्रशंसक बेंगलुरू, पुणे और हैदराबाद के स्टेडियमों में अपनी पसंदीदा टीमों और सितारों के रोमांचक एक्शन का अनुभव करने के लिए उत्सुक हैं।' विवो पीकेएल सीजन 9 के लिए और विवरण व शेड्यूल आने वाले हफ्तों में साझा किया जाएगा।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप : चिराग-सात्विक ने रचा इतिहास, पदक सुनिश्चित करने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बनी

**टोक्यो।** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश कर भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया है। यह युगल जोड़ी से चैंपियनशिप में भारत का दूसरा पदक भी होगा।

चिराग-रैंकीरेड्डी ने शुक्रवार को खेले गए पुरूष युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जापानी जोड़ी ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में पदक हासिल करने वाली पहली भारतीय पुरुष जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। कोर्ट 2 पर खेलते हुए भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापानी जोड़ी को 24-22,



15-21, 21-14 से शिकस्त दी। इस मैच का पहला गेम रोमांचक और करीबी था, हालांकि चिराग और सात्विक अंत में 24-22 से विजयी हुए। ताकुरो और यूगो की जापानी जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की और भारतीय जोड़ी को 15-21 से शिकस्त देकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। शेट्टी और चिराग ने अंतिम गेम 21-14 से हराकर जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। चिराग और सात्विकसाईराज ने डेनमार्क के जे. बेय और एल. मोल्हेडे की जोड़ी को अपने 16वें राउंड के मैच में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। उन्हें दो सीधे गेम में डेनमार्क की जोड़ी को 35 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 21-10 से हराया था। इससे पहले बर्मिंघम में हाल ही में संपन्न हुए राष्ट्रमंडल खेलों 2022 में चिराग और सात्विक ने पुरुष युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

## श्रीलंकाई क्रिकेट टीम का आधिकारिक प्रायोजक बना फेयरप्ले न्यूज

**मुंबई।** एशिया कप के लिए फेयरप्ले न्यूज श्रीलंकाई क्रिकेट टीम का आधिकारिक प्रायोजक बन गया है। श्रीलंका क्रिकेट के सीईओ ने नए प्रायोजक का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि यह साझेदारी श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए फायदेमंद साबित होगी। उन्होंने कहा, हमें आगामी एशिया कप के दौरान फेयरप्ले न्यूज का राष्ट्रीय टीम के आधिकारिक प्रायोजक के रूप में स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है और उम्मीद है कि यह साझेदारी दोनों के लिए अच्छी होगी। फेयरप्ले न्यूज के निदेशक ने कहा, हमें श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के प्रायोजक होने पर गर्व है। इस एसोसिएशन ने फेयरप्ले न्यूज को



हमारे नाम और काम के लिए सही खड़े होने में सक्षम होने का सही मौका दिया है जो खेल के गुणों को आत्मसात करता है। दासुन शनाका और उनकी 20 सदस्यीय टीम 27 अगस्त से शुरू हो रहे एशिया कप में फेयरप्ले न्यूज के नाम की जर्सी पहनेगी, जो फेयरप्ले स्पोर्ट्स का एक हिस्सा है। बता दें कि फेयरप्ले न्यूज देश का प्रमुख खेल समाचार और अपडेट प्लेटफॉर्म है और फंतासी स्पोर्ट्स श्रेणी में बिल्कुल नया प्रवेश है। एशिया कप मूल रूप से श्रीलंका में आयोजित होने वाला था, लेकिन राजनीतिक उथल-पुथल और देश में आर्थिक संकट के कारण इसे यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था। अपने सबसे खराब वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहे श्रीलंका ने महीनों तक भोजन और ईंधन की कमी और ब्लैकआउट देखा है। इस उथल-पुथल के बीच क्रिकेट संस्था के लिए यह जुड़ाव बेहद स्वागत योग्य है।

# भारत के अर्जुन एरिगासी नें जीता आबू धाबी मास्टर्स शतरंज का खिताब ,विश्व के टॉप 25 में हुए शामिल

**आबू धाबी।** भारत के 18 वर्षीय ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें अपने खेल जीवन में अब तक का सबसे मजबूत आबू धाबी मास्टर्स शतरंज का खिताब जीतकर एक बार फिर सभी को प्रभावित किया है । 31 देशो के 142 खिलाड़ियों के बीच 9 राउंड के इस टूर्नामेंट में अर्जुन नें 6 जीत और 3 ड्रॉ के साथ अपराजित रहते हुए 7.5 अंक बनाकर पहले स्थान पर कब्जा जमाया ।

अर्जुन नें अंतिम राउंड में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए स्पेन के डेविड अंटोन के खिलाफ एक रोमांचक मुक़ाबला 72 चालों में अपने




नाम किया । अर्जुन इस जीत के बाद विश्व रैंकिंग में 25वे स्थान पर पहुँच गए है और अब विश्वनाथन आनंद (2756) , डी गुकेश ( 2728) के बाद 2724 अंक लेकर तीसरे नंबर के भारतीय खिलाड़ी बन गए है । उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव नें अंतिम राउंड में ईरान के अमीन ताबतबाई को पराजित करते हुए 7 अंक बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। इसके बाद 9 खिलाड़ी 6.5 अंको पर रहे ,पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ,यूएसए के रोबसोन रे ,उज्बेकिस्तान के याकूब्बोएव नोदिरबेक ,भारत के निहाल सरीन ,एसपी सेथुरमन आदित्य सामंत ,मुरली कार्तिकेयन और आर्यन

*अर्जुन नें अंतिम राउंड में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए स्पेन के डेविड अंटोन के खिलाफ एक रोमांचक मुक़ाबला 72 चालों में अपने नाम किया ।*

चोपड़ा क्रमशः तीसरे से दसवें स्थान पर रहे । भारत नें प्रतियोगिता के 10 में से 6 स्थानो पर कब्जा जमाकर एकबार फिर अपनी क्षमता से दुनिया का परिचय कराया ।

# गहराया आर्थिक संकट, बांग्लादेश में दिखने लगा कुछ-कुछ श्रीलंका जैसा नजारा

**ढ़ाका।** बांग्लादेश में महंगाई और जरूरी चीजों के अभाव के खिलाफ लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिखने लगा है। देश के वामपंथी संगठनों आम हड़ताल आयोजित की। लेफ्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (एलडीए) के आह्वान पर हुई इस हड़ताल के दौरान जगह-जगह पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। एलडीए से जुड़े कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार लिया गया।

पिछले कुछ दिनों में बांग्लादेश में आर्थिक संकट गहरा गया है। ईंधन की महंगाई को देखते हुए सरकार ने बिजली का उपभोग घटाने के कई उपाय घोषित किए हैं। इसके तहत अब स्कूलों को हर हफ्ते एक दिन अतिरिक्त बंद रखने का फैसला किया गया है। बांग्लादेश में शुक्रवार को स्कूलों छुट्टी रहती है। अब वे शनिवार को भी बंद रहेंगे। सरकारी दफ्तरों और बैंकों में कामकाजी घंटे घटा दिए हैं। ये तमाम उपाय बुधवार से लागू हो गए। इसके खिलाफ जन विरोध का नजारा देखने को मिला। पर्यवेक्षकों के मुताबिक देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आ रही गिरावट के कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की सरकार को कमखर्ची लागू करने के ये उपाय अपनाने पड़े हैं। पिछले महीने बांग्लादेश के कच्चे तेल के आयात बिल में 50 फीसदी बढ़ोतरी हुई थी। अब सरकार ने कहा है कि वह रूस से सत्ता तेल हासिल करने की संभावना तलाश रही है। देश में महंगाई की दर भी काफी ऊंची हो गई है। इस कारण हाल के हफ्तों में पहले भी कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन




आयोजित किए गए हैं।

अनाज की महंगाई पर काबू पाने के लिए हसीना सरकार ने रूस, वियतनाम और भारत से अनाज आयात करने का समझौता किया है। इसते तहत 83 लाख लाख टन गेहूं और चावल का आयात किया जाएगा। विश्लेषकों के मुताबिक इससे देश में अनाज की महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी, लेकिन साथ ही विदेशी मुद्रा का संकट और गहराने की आशंका है। इस बीच मशहूर ब्रिटिश अखबार फाइनेंशियल टाइम्स ने अपनी एक ताजा रिपोर्ट में बांग्लादेश में बन रही हालत की तुलना पिछले वर्ष की श्रीलंका की स्थिति से की है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अभी हाल तक बांग्लादेश ने कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में लग रहे आर्थिक झटकों से अपने को बचा रखा था। इसकी वजह देश का मजबूत निर्यात सेक्टर है। लेकिन अब हालत बदल रही है। इसे देखते हुए शेख हसीना सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 4.5 बिलियन डॉलर का कर्ज मांगा है। संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक में काम कर चुके वरिष्ठ अधिकारी मार्क मेलोच ब्राउन ने फाइनेंशियन टाइम्स से कहा- 'बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार से जुड़ी हुई है। खास कर वह अपने वस्त्र निर्यात पर निर्भर है। लेकिन ये सेक्टर दुनिया में दूसरी जगहों पर पैदा हुई स्थितियों के कारण संकट में फंस गया है।' बन रही कठिन स्थिति को स्वीकार करते हुए बांग्लादेश के वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल ने कहा है- 'सभी देश दबाव महसूस कर रहे हैं। लेकिन बांग्लादेश के अपने पड़ोसी देशों की तरह गहरी वित्तीय मुसीबत में फंसने का खतरा नहीं है।' लेकिन पर्यवेक्षकों के मुताबिक देश की सड़कों पर जिस तरह का गुस्सा नजर आ रहा है, उसे देखते हुए नहीं लगता कि बांग्लादेश के लोग सरकार की ऐसी बातों से आश्वस्त हुए हैं।


## पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था संभालने को आगे आया सऊदी अरब, बनाई 1 अरब डॉलर निवेश की योजना

**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान की बदहाल अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए 1 अरब डॉलर निवेश योजना लेकर आगे आया है। इससे पहले सऊदी अरब ने 3 लाख डॉलर के पुराने कर्ज को चुकाने में रियायत देकर पाकिस्तान को थोड़ी राहत दी थी।

रिपोर्ट के अनुसार सऊदी किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज ने सऊदी अरब को पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था का समर्थन करने का निर्देश दिया है। जिसके तहत सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी को इस फैसले की जानकारी दी है। पाकिस्तान की डूबती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए प्रधानमंत्री बनने के बाद शहबाज शरीफ सऊदी के दौरे पर पहुंचे थे। इस संबंध में पीएम शहबाज ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को भी सऊदी अरब भेजा था। यूएई की तरह सऊदी अरब भी पाकिस्तान को 1 अरब डॉलर के कच्चे तेल की सप्लाई करेगा। वर्तमान में पाकिस्तान में मुद्रास्फीती की दर पूरे एशिया में सबसे अधिक है। चालू खाता घाटा बढ़ने और विदेशी मुद्रा भंडार में आई रिकॉर्ड गिरावट से पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था तबाही के कगार पर खड़ी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के कार्यकारी मंडल की 29 अगस्त को पाकिस्तान को दिए जाने वाले राहत पैकेज पर बैठक करेगा।

## 'बचपन के प्यार को भुला पाना था मुश्किल', 70 साल की पाकिस्तानी महिला ने की 33 साल छोटे लड़के से शादी

**इस्लामाबाद।** प्यार पाने के लिए इंसान किसी भी हद तक जा सकता है। इस बात को सच साबित करते हुए पाकिस्तान से एक प्रेम कहानी सामने आई है, जहां 37 साल के इफ्तिखार ने बचपन का प्यार पाने के लिए 70 साल की बुजुर्ग महिला किश्वर बीबी से शादी कर ली है। दोनों एक-दूसरे को लंबे समय तक पसंद करते थे, लेकिन उम्र में इतना अंतर था कि घरवाले उनकी जवानी में नहीं माने, जिसके बाद इफ्तिखार ने दोबारा शादी की और उनके 6 बच्चे हुए। अब आखिरकार दोनों ने अपनी इच्छा पूरी करते हुए एक दूसरे से शादी कर ली है। उनकी शादी का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दोनों की शादी पाकिस्तान में चर्चा का विषय बनी हुई है।



**इफ्तिखार का पुराना प्यार किश्वर, जवानी में नहीं हो पाई शादी–** इफ्तिखार बहुत छोटे थे तब ही उन्हें किश्वर बीबी से प्यार हो गया । जब उसने किश्वर से शादी करने की इच्छा जताई तो उसकी मां नहीं मानी। अगर दोनों ने शादी नहीं की, तो किश्वर ने जीवन भर किसी और से शादी नहीं करने का फैसला किया। किश्वर को इस बात का अंदाजा नहीं था कि 70 साल की उम्र में जवानी के प्यार से उनकी शादी हो जाएगी।

## पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के खिलाफ पंजाब प्रांत में आतंकवाद का मामला दर्ज

**पंजाब प्रांत।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह के खिलाफ आतंकवाद और 'न्यायपालिका और सरकारी अधिकारियों को धमकी देने' के आरोप में मामला दर्ज किया है। पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री परवेज इलाही के बेटे और पाकिस्तान के पूर्व संघीय मंत्री मूनिस इलाही ने इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे 'जैसे को तैसा' वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ शहबाज सरकार की 'अवैध' कार्रवाइयों के जवाब में पंजाब सरकार द्वारा यह कदम उठाया गया। मूनिस ने सनाउल्लाह के खिलाफ प्राथमिकी की एक प्रति के साथ ट्वीट किया, 'आप (सनाउल्लाह) हमारे (पूर्व) प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करते हैं। अब पाकिस्तान की जनता ने आपके खिलाफ असली मामला खड़ा कर दिया है। आपको जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।' शिकायतकर्ता पंजाब प्रांत के गुजरात जिले का निवासी है। उसने कहा कि वह 21 अगस्त को जियो न्यूज पर एक टॉक शो देख रहा था, इस दौरान अप्रैल, 2021 और जनवरी, 2022 के सनाउल्लाह के भाषणों की क्लिप प्रसारित की गई थी। इन भाषणों में सनाउल्लाह को न्यायपालिका, पंजाब के मुख्य सचिव और लाहौर कमिश्नर और उनके बच्चों को धमकियां देते हुए दिखाया गया था। लाहौर से करीब 150 किलोमीटर दूर गुजरात शहर में गृह मंत्री के खिलाफ आतंकवाद निरोधी कानून की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की अर्जेंटीना के राष्ट्रपति से बातचीत, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**आयर्स ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडीज से मुलाकात की और व्यापार संबंधों को अधिक टिकाऊ और महत्वाकांक्षी बनाने के उपायों के साथ-साथ रक्षा और परमाणु ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग की संभावना पर चर्चा की। तीन लैटिन अमेरिकी देशों की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा के अंतिम चरण में यहां पहुंचे जयशंकर ने अर्थव्यवस्था मंत्री सर्जियो मस्सा से भी मुलाकात की और आर्थिक सहयोग पर विचारों का आदान-प्रदान किया।जयशंकर ने इस दौरान ट्वीट करते हुए लिखा कि अर्जेंटीना के अर्थव्यवस्था मंत्री सर्जियोमासा से मिलकर खुशी हुई। हमारे आर्थिक सहयोग के विस्तार के प्रति उनके सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हैं।

अर्जेंटीना के राष्ट्रपति फर्नांडीज से मुलाकात के बाद डॉक्टर जयशंकर ने कहा कि मुझे रिसीव करने के लिए राष्ट्रपति को धन्यवाद। जयशंकर ने कहा



कि अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने व्यापार स्तरों को अधिक टिकाऊ और महत्वाकांक्षी बनाने सहित द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स सहित सस्ती स्वास्थ्य सेवा के महत्व को रेखांकित किया। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा की संभावनाओं पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। यह जयशंकर की दक्षिण अमेरिका की पहली आधिकारिक यात्रा है। वह पहले ही पराग्वे और ब्राजील का दौरा कर चुके हैं।

## ऋषि सुनक ने गोपूजा करके मांगा ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद

**लंदन।** ब्रिटेन में प्रधानमंत्री बनने की दौड़ अपने आखिरी दौर में है। भारतवंशी ऋषि सुनक ने अब गोपूजा करके प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद मांगा है। पत्नी अक्षता के साथ गोपूजा करते ऋषि सुनक का वीडियो भी खूब वायरल हो रहा है।

भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटिश प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में हैं। प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के मंत्रिमंडल में वित्त मंत्री रहे ऋषि अब जॉनसन के उत्तराधिकारी बनने की होड़ में शामिल हो गए हैं। उनका मुकाबला ब्रिटेन की विदेश मंत्री लिज ट्रस से है। सत्तारूढ़ कंजरवेटिव पार्टी 5 सितंबर को अंतिम रूप से नए नेता का चुनाव करेगी। सुनक कंजर्वेटिव पार्टी के कार्यकर्ताओं के वोट पाने की मशक्कत में जुटे हैं।

सुनक को भारतवंशियों का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है। सुनक ने जन्माष्टमी पर ब्रिटेन के एक मंदिर जाकर कृष्ण की पूजा



का फोटो स्वयं ट्वीट किया था। उसके बाद अब सुनक के समर्थकों ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वे अपनी पत्नी के साथ गाय की पूजा करते नजर आ रहे हैं। उनके समर्थकों ने लिखा है कि सुनक उस परंपरा का पालन कर रहे हैं, जिसमें गाय व बछड़े की पूजा करके मन्नत मांगी जाती है। वायरल वीडियो में सुनक अपनी पत्नी अक्षता के साथ गाय की आरती करते हुए दिख रहे हैं। वे गाय को जल अर्पित कर मंत्रोच्चार के बीच आशीर्वाद लेते हैं।

## बारिश और बाढ़ से सैकड़ों की मौत, पाकिस्तान ने मांगी दुनिया से मदद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लगातार बारिश और भीषण बाढ़ के कारण जगह-जगह तबाही के मंजर आम हो गए हैं। भीषण आपदा के कारण सैकड़ों लोगों की मौत होने के बाद अब पाकिस्तानी सरकार ने दुनिया के सामने मदद के लिए झोली फैलाई है।

पाकिस्तान के सिंध, बलूचिस्तान और पंजाब प्रांतों में तेज बारिश और बाढ़ से जानलेवा संकट आ खड़ा हुआ है। खैबरपख्तूनख्वा प्रांत में भी बाढ़ धीरे-धीरे मुसीबत बनती जा रही है। सरकार ने भी स्वीकार किया है कि इस आपदा के कारण अब तक नौ सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा खेती और पशुओं को भी भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान की जलवायु परिवर्तन मामलों की मंत्री शेरी रहमान ने कहा है कि अत्यधिक बारिश के कारण ऐसी तबाही आई है, जैसी युगों में कभी एक बार देखने को मिलती है। देश के अलग-अलग हिस्सों में असामान्य रूप से जोरदार बारिश का सिलसिला बीते एक महीने से चल रहा है, लेकिन पिछले तीन दिन में हालात बहुत बिगड़ गए हैं। सिर्फ बलूचिस्तान प्रांत में



710 किलोमीटर सड़क और 18 पुल पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। लगभग 20 हजार घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस प्रांत में दो सौ से अधिक लोगों और पांच लाख से अधिक पशुओं की जान जाने की भी खबर है। अन्य प्रांतों से भी ऐसी खबरें मिली हैं।

शेरी रहमान ने कहा कि राज्यों की बात तो दूर, पाकिस्तान की संघीय सरकार भी इस जलवायु विनाश के परिणामों का अकेले मुकाबला कर सकने की स्थिति में नहीं है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं और सैकड़ों लोगों की जान खतरे में हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तुरंत मदद देने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जलवायु परिवर्तन के दक्षिण एशिया में हो रहे विनाशकारी असर से प्रभावित हुआ है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उसकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। इसके लिए सरकार ने एक अलग बैंक खाता भी खोला है, इसमें विदेशों में रहने वाले लोग अनुदान भेज सकते हैं। पाकिस्तान सरकार ने देश-विदेश की संस्थाओं से टेंट, मच्छरदानी, बिस्तर, खाद्य पदार्थ, दवाएं और अन्य जरूरी सामान की मदद देने की अपील की है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने देश के सभी बैंकों को बाढ़ पीड़ितों के सहायता राशि जुटाने का आदेश जारी किया है। पाकिस्तान सरकार ने भी देश के लोगों से उदारता से प्रधानमंत्री राहत कोष में दान देने की अपील की है। पाकिस्तान के अलग-अलग राज्यों की सरकारों ने भी अनुदान जुटाने की मुहिम शुरू की है। सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री ने सभी परोपकारी और कल्याणकारी संस्थाओं से इस काम में जुटने की गुजारिश की है।

## टेक्सास में भारतीय मूल की चार महिलाओं पर नस्लीय हमला, आरोपित महिला गिरफ्तार

**टेक्सास।** अमेरिका में भारतीय मूल की महिलाओं पर नस्लीय हमले की शर्मनाक घटना सामने आई है। एक अमेरिकन-मेक्सिन महिला ने टेक्सास में सड़क पर घूम रहीं चार भारतीय मूल की चार महिलाओं के साथ न सिर्फ बदसलूकी की, बल्कि मारपीट करने के बाद बंदूक

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

हैं। इस दौरान वह लगातार भारतीय मूल की महिलाओं को गाली देती रही। आरोपी महिला ने कहा कि वह अमेरिका में पैदा हुई, लेकिन जहां भी जाती है, हर तरफ उसे भारतीय नजर आते हैं। अगर भारत में जिंदगी अच्छी है तो तुम लोग यहां क्यों आ जाते हो।

इस घटना के वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए एक शख्स ने लिखा-'मेरी मां और उनकी तीन दोस्त



डेल्लास में डिनर के लिए गए थे। वे पार्किंग की तरफ लौट रहे थे। तभी वहां एक मेक्सिकन-अमेरिकन महिला आ गई। वह चारों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी करते हुए उन्हें गाली देने लगी। मेरी मां उससे इस तरह बात न करने की अपील करती रहीं। उसकी बदतमीजी बढ़ती देख मेरी मां ने उसका वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया। यह देख वह महिला और भड़क गई और उसने मां और उनकी दोस्तों के साथ मारपीट शुरू कर दी।

टेक्सास पुलिस के मुताबिक मेक्सिकन-अमेरिकन महिला की पहचान टेक्सास के प्लानो शहर की रहने वाली एस्मेराल्डा अप्टन के रूप में हुई है। प्लानो शहर की पुलिस ने एस्मेराल्डा अप्टन को गुरुवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ नस्लीय हमला और आतंकी हमले की धमकी देने की धाराएं लगाई गई हैं। साथ ही 10 हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि प्लानो और डेल्लास की दूरी 31 किलोमीटर है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अमेरिका में रहने वाले भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध : जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र की बिजली कटी, बढ़ा रेडिएशन का खतरा

**निकोपोल।** यूक्रेन पर रूस के हमलों से जापोरिज्जिया स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र में लगी आग के चलते वहां के आखिरी ट्रांसमिशन लाइन क्षतिग्रस्त होने से बिजली कट गई है। यह जानकारी यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संचालक ने 'एनर्जोएटम' ने दी। परमाणु संयंत्र की बिजली जाना चिंता का विषय है क्योंकि इसकी आपूर्ति में व्यवधान से शीतलन (कूलिंग) प्रणाली खराब हो सकती है, जो रिएक्टरों के सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक है।

एनर्जोएटम ने एक बयान में कहा कि इसका अर्थ यह है कि यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र के शेष दो रिएक्टरों का बिजली ग्रिड से संपर्क कट गया है। इससे पहले संयंत्र पर रूसी बलों और यूक्रेन के सैनिकों के बीच संयंत्र पर कब्जे को लेकर जारी लड़ाई में तीन अन्य ट्रांसमिशन लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस संकट से यूक्रेन में चेरनोबिल परमाणु दुर्घटना के दोहराने का अंदेशा जताया जा रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पूर्वानुमान के अनुसार, अगर जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र में दुर्घटना होती है, तो रेडियो एक्टिव पदार्थ पोलैंड, जर्मनी और स्लोवाकिया को अपनी चपेट में ले सकता है। इस रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के एक रिएक्टर से भी 25 फीसदी रेडियोएक्टिव पदार्थ का रिसाव होता है तो पूरा स्कैंडिनेविया प्रभावित हो जाएगा। स्कैंडिनेविया उत्तरी यूरोप का एक इलाका है, जिसमें डेनमार्क, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने अपने पूर्वानुमान में कहा कि अगर आपात स्थिति में ज़ापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के स्टैंडबाय डीजल जेनरेटर और मोबाइल पंप काम करना बंद कर देते हैं तो रिएक्टर गर्म हो जाएंगे। इससे भीषण विस्फोट हो सकता है और हवा में रेडियोएक्टिव पदार्थ फैल सकता है। इनकी मात्रा इतनी ज्यादा होगी कि देखते-देखते ये सैकड़ों किलोमीटर का क्षेत्र यह फैल जाएगा। इससे बड़ी संख्या में लोगों को अपनी चपेट में ले सकता है। यूरोप में ऊर्जा संकट की तुलना में अधिक विनाशकारी परिणाम होंगे। इससे पहले 26 अप्रैल 1986 को तत्कालीन सोवियत संघ के चेरनोबिल के न्यूक्लियर पावर प्लांट में विनाशकारी धमाका हुआ था। इस हादसे की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि धमाके के चंद घंटे में प्लांट में काम करने वाले 32 कर्मचारियों की मौत हो गई।

## बांग्लादेश में भी गहराया आर्थिक संकट, गुस्साए लोग सड़कों पर उतरे

**ढाका।** बांग्लादेश में आर्थिक संकट गहरा गया है। लगातार बढ़ती महंगाई और जरूरी चीजों के अभाव के खिलाफ गुस्साए लोग सड़कों पर उतरने लगे हैं। बांग्लादेश के लेफ्ट डेमोक्रेटिक एलायंस के आह्वान पर हुई आम हड़ताल के दौरान देश भर में विरोध प्रदर्शन किए गए।

श्रीलंका में आर्थिक व राजनीतिक संकट के बाद अब बांग्लादेश में भी आर्थिक संकट मुसीबत बनता नजर आ रहा है। लगातार ईंधन महंगा होने के कारण सरकार ने भी ईंधन बचत के लिए कोशिशें शुरू कर दी हैं। बांग्लादेश में अभी तक शुक्रवार को विद्यालयों में अवकाश रहता था। अब वहां सप्ताह में दो दिन विद्यालय बंद रहेंगे। सरकार ने शुक्रवार के शनिवार को भी विद्यालयों में छुट्टी करने का फैसला किया है। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों और बैंकों आदि में कामकाज के घंटे घटा दिए गए हैं। पर्यवेक्षकों के मुताबिक देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार आ रही गिरावट के कारण बांग्लादेश सरकार को इन उपायों की घोषणा करनी पड़ी है।

बताया गया कि पिछले माह देश के कच्चे तेल आयात का खर्च 50 प्रतिशत बढ़ा है। अब सरकार रूस से कच्चा तेल हासिल करने की संभावना तलाश रही है। देश में महंगाई की दर भी काफी ऊंची हो गई है। अनाज की महंगाई पर काबू पाने के लिए सरकार ने रूस, वियतनाम और भारत से अनाज आयात करने का समझौता किया है। इस समझौते के अंतर्गत 83 लाख टन गेहूं और चावल का आयात किया जाएगा।